दैनिक
नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक
K ✌ K
RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-65 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

### बापू की बातें



गोरक्षा मेरे लिए केवल गाय को बचाने से कहीं बड़ी चीज है। गाय तो प्राणि-मात्र का सिर्फ प्रतीक है। गोरक्षा का अर्थ है दुर्बलों, असहायों, गूँगों और बहरों की रक्षा। फिर तो मनुष्य सारी सृष्टि का प्रभु और स्वामी न रहकर सेवक बन जाता है। मेरी दृष्टि में गाय दया का जीता-जागता उपदेश है। फिर भी हम तो गोरक्षा के नाम पर निरा खिलवाड़ करते हैं।

**( 25.04.1925 : जवाहरलाल नेहरू को लिखे पत्र का अंश: सं.गां.वां. खंड 26: पृष्ठ 539 )**

# महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक संसद में पेश, परिसीमन पर विपक्ष ने जताई आपत्ति





नई दिल्ली(आरएनएस)। संसद का विशेष सत्र आज से शुरू हो गया है, जिसमें 3 जरूरी विधेयक पेश किए जाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा बुलाए गए इस सत्र का मुख्य मुद्दा संविधान संशोधन विधेयक है, जिसका उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना है। वहीं विपक्ष ने परिसीमन का विरोध किया है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस ने कहा कि सरकार संविधान को हाईजैक कर रही है। डीएमके सांसद काले कपड़ों में संसद पहुंचे।गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ये 2 कानून जरूरी थे, इसलिए साथ में लाए गए। अभी हम चर्चा करेंगे। विपक्ष ने कल बैठक में तय किया कि वे विरोध करेंगे इसीलिए हंगामा कर रहे हैं। अखिलेश पूछ रहे हैं जनगणना क्यों नहीं हो रही है। मैं बताना चाहता हूं जनगणना जारी है। उन्होंने कहा कि हम जातिगत जनगणना की मांग करेंगे। मैं बताना चाहता हूं कि सरकार इसका भी फैसला ले चुकी है।विपक्षी इंडिया गठबंधन ने एक स्वर में सरकार के बुलाए गए सत्र और इसमें प्रस्तावित विधेयकों पर सवाल उठाए हैं। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई गठबंधन की बैठक में सभी विपक्षी पार्टियों के सांसद शामिल हुए। बैठक के बाद खड़गे ने पत्रकारों को बताया कि विपक्ष महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है और वह हमेशा से इसके समर्थन में रहा है, लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि वे इसका विरोध करेंगे।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विधेयक की प्रतियां जलाईं। स्टालिन ने परिसीमन विधेयक को काला कानून बताया और आरोप लगाया कि यह तमिल लोगों को उनकी ही भूमि में शरणार्थी में बदलना चाहता है। उन्होंने कहा, आज मैंने इस काले कानून की प्रति जलाकर और काला झंडा फहराकर उस आग को फिर से प्रज्वलित किया है। यह आग पूरे द्रविड़ भूमि में फैल जाएगी। यह भड़केगी और भाजपा के अहंकार को घुटनों पर ले आएगी।केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विधेयकों के पारित होने के बाद भी सभी राज्यों का आनुपातिक प्रतिनिधित्व पहले जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा, संसद में इस बात को स्पष्ट किया जाएगा।

## सीजन में पहली बार मप्र में पारा 43 डिग्री पहुंचा

**भोपाल-जबलपुर समेत 28 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार**




भोपाल (ए.) । मप्र में गुरुवार को गर्मी के तेवर तीखे रहे और तापमान में बढ़ोतरी हुई। नर्मदापुरम में पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया, जो सीजन का सबसे अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार, नर्मदापुरम के बाद रतलाम दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री, दमोह-मंडला में 42 डिग्री, शाजापुर में 41.8 डिग्री, गुना में 41.7 डिग्री, मलाजखंड, टीकमगढ़-छिंदवाड़ा में 41.5 डिग्री, उमरिया-श्योपुर में 41.4 डिग्री, धार, खजुराहो में 41 डिग्री, सतना में 40.9 डिग्री, खरगोन में 40.8 डिग्री, सागर में 40.7 डिग्री, दतिया-सीधी में 40.6 डिग्री, खंडवा-बैतूल में 40.5 डिग्री, सिवनी-रीवा में 40.4 डिग्री और नौगांव में पारा 40.2 डिग्री रहा।प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो जबलपुर में सबसे ज्यादा 41.4 डिग्री, भोपाल में 40.5 डिग्री, इंदौर में 40.1 डिग्री, ग्वालियर में 40.5 डिग्री और उज्जैन में 40.7 डिग्री दर्ज किया गया।

# आज सिवनी मालवा में विकास का सूर्य खिला है - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

*मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम टिमरनी मार्ग के 972.16 करोड़ के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया*
*हथनापुर आवली घाट माइक्रो उद्वाहन सिंचाई योजना विकसित करने की घोषणा की*






नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को नर्मदापुरम जिले के तहसील सिवनी मालवा में आयोजित कार्यक्रम में नर्मदापुरम टिमरनी मार्ग के 972, 16 करोड़ के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 106.34 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन भी किया तथा हथनापुर आंवली घाट माइक्रो उद्वाहन सिंचाई योजना विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इतने विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन तथा सड़कों की सौगात मिली है इससे ऐसा लग रहा है कि आज सिवनी मालवा में विकास का सूर्य खिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदापुरम टिमरनी मार्ग के पुनर्निर्माण एवं उन्नयन से आगे जाकर यह मार्ग इंदौर उज्जैन दिल्ली और मुंबई तक जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हमेशा आम जनता, महिला, किसान और युवा वर्ग के लिए कार्य करती आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम भाई-बहन के रिश्तों को स्नेह से बांधकर रखते हैं। आज मातृशक्ति जो हमारी आधा आबादी है उनको संसद विधानसभा, नगर पालिका जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत मे महत्वपूर्ण स्थान और प्रतिनिधित्व मिला है। उन्होंने कहा कि लाडली बहनों को अब तक 55 हजार करोड रुपए की राशि उनके खातों में स्थानांतरित की गई है। अब तक 35वीं किस्त बहनों को जारी की जा चुकी है। नर्मदापुरम जिले में आने के अपनी सुखद अनुभव को साझा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नर्मदापुरम जिले में बार-बार आने की इच्छा होती है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष राजा भभूत सिंह की स्मृति में पचमढ़ी में कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई थी। **शेष पृष्ठ 8 पर**

## दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला, टैक्सींग के दौरान दो विमानों में टक्कर, सभी यात्री सुरक्षित

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को एक बड़ा विमान हादसा टल गया, जब टैक्सींग के दौरान दो विमानों के बीच टक्कर हो गई. इस घटना में स्पाइसजेट के बोइंग बी737-700 विमान का दाहिना विंगलेट क्षतिग्रस्त हो गया. जबकि, दूसरी एयरलाइन अकाशा के विमान के बाएं हिस्से के हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को नुकसान पहुंचा. गनीमत रही कि इस दौरान कोई भी यात्री या क्रू घायल नहीं हुआ है.दरअसल, यह घटना टर्मिनल 1 के पास हुई जब अकासा एयर का विमान पुशबैक के बाद खड़ी थी और स्पाइसजेट का विमान जो लेह से आया था. स्पाइसजेट एयरलाइन की तरफ से बयान जारी कर कहा गया है कि 16 अप्रैल को दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका बी737-700 विमान जब टैक्सी कर रहा था तब वह दूसरी एयरलाइन के एक विमान से टकरा गया. टक्कर के चलते स्पाइसजेट विमान क्षतिग्रस्त हो गया है. एहतियातन स्पाइसजेट के इस विमान को दिल्ली में ही ग्राउंड कर दिया गया है. आगे की जांच की जा रही है.वहीं, इस दुर्घना में प्रभावित दूसरी एयरलाइन अकासा एयर ने भी बयान जारी किया है. अकासा एयर के प्रवक्ता के अनुसार, उनका विमान (क्यूपी1406) दिल्ली से हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाला था. प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, अकासा एयर का विमान उस समय पूरी तरह स्थिर (स्टेशनरी) स्थिति में था, तभी दूसरी एयरलाइन का विमान टकरा गया।



# सीजेआई ने कहा, हम किसी को मजबूर नहीं कर सकते, चुनावों में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश में वोटिंग को जरूरी बनाने के लिए निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने कहा कि ऐसा आदेश पॉलिसी के दायरे में आता है।

यह मामला सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच के सामने आया. बेंच ने जनहित याचिका पिटीशनर अजय गोयल से कहा कि वे अपनी शिकायतें स्टेकहोल्डर्स के पास ले जाएं।

सुनवाई के दौरान, सीजेआई ने कहा कि लोकतंत्र कानूनी दबाव के बजाय लोगों की जागरूकता से बढ़ती है. बेंच ने जरूरी वोटिंग कानून की व्यावहारिक कठिनाइयों की ओर इशारा किया. बेंच ने कहा कि चुनाव के दिनों में, जजों समेत कई नागरिकों को काम करना पड़ता है।



सीजेआई ने कहा, अगर हम इसे मान लेते हैं, तो मेरे भाई जस्टिस बागची को वर्किंग डे होने के बावजूद वोट देने के लिए पश्चिम बंगाल जाना पड़ेगा. वहीं, जस्टिस बागची ने कहा कि, न्यायिक काम भी जरूरी है. बेंच ने कहा कि कानून के राज और लोकतंत्र में विश्वास वाले देश में, जहां हमने 75 सालों से इस पर भरोसा दिखाया है, हर किसी से उम्मीद की जाती है कि वह जाए और वोट दे।

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, अगर वे वोट देने नहीं जाते हैं, तो वे नहीं जाते हैं. जागरूकता की जरूरत है, लेकिन हम मजबूर नहीं कर सकते. याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया कि कोर्ट को चुनाव आयोग को उन लोगों के लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाने का निर्देश देना चाहिए जो वोट नहीं देते हैं. बेंच ने घर पर रहने को अपराधी बनाने के लॉजिक पर सवाल उठाया. सीजेआई ने इस पर सवाल किया, क्या हमें उन्हें अरेस्ट करने का निर्देश देना चाहिए. अगर कोई नागरिक वोट देने नहीं जाता है, तो हम क्या कर सकते हैं. बेंच ने समाज के पिछड़े तबकों के लिए भी चिंता जताई. बेंच ने पूछा, अगर कोई गरीब आदमी कहता है, मुझे अपनी मजदूरी कमाने की जरूरत है, मैं वोट कैसे दूं... तो हमें उनसे क्या कहना चाहिए.

याचिकाकर्ता ने कहा कि निर्वाचन आयोग को उन लोगों पर रोक लगाने का सुझाव देने के लिए एक कमेटी बनाने का निर्देश दिया जाना चाहिए जो अपने वोट का इस्तेमाल नहीं करते हैं. बेंच ने कहा कि ये मुद्दे पॉलिसी के दायरे में आते हैं।

## लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा को लाहौर में मारी गई गोली, हालत गंभीर

लाहौर,(आरएनएस)। पाकिस्तान के लाहौर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा को गोली मार दी गई है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमजा को एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर गोली मारी गई है। वह अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत गंभीर है। उनको गोली किसने मारी, इसको लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हमजा भारत में हुए कई आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। हमजा ने आतंकवादी हाफिज सईद के साथ मिलकर लश्कर-ए-तैयबा की सह-स्थापना की है। वह हाफिज का दाहिना हाथ माना जाता है। हमजा अफगान मुजाहिदीन का एक अनुभवी सदस्य हैं।



## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग 19 अप्रैल को 3 दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे

नईदिल्ली (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग की भारत की 3 दिवसीय यात्रा पर आ रहे हैं। वह 19 से 21 अप्रैल तक नई दिल्ली में राजकीय प्रवास पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि राष्ट्रपति म्युंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। उनके साथ प्रथम महिला किम हेया क्यूंग, मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेताओं सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। राष्ट्रपति ली की यह भारत की पहली यात्रा है।अपनी यात्रा के दौरान दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी के साथ जहाज निर्माण, व्यापार, निवेश, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, अर्धचालक, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, जन-संपर्क और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। दोनों पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे।




## लगातार धमकियों के बीच सख्त कदमः दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को मिली जेड कैटेगरी सुरक्षा

नई दिल्ली, (आरएनएस)। राजधानी में लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताओं के बीच दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की सुरक्षा को बढ़ाकर जेड कैटेगरी कर दी गई है. ये फैसला विधानसभा सचिवालय को लगातार मिल रही बम धमकियों व हाल ही में हुए एक बड़े सुरक्षा उल्लंघन के बाद लिया गया है।

पिछले कुछ दिनों में दिल्ली विधानसभा सचिवालय और स्पीकर कार्यालय को आधिकारिक माध्यमों के जरिए करीब 6 से 7 धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए. इन ई-मेल्स में विधानसभा परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. 14 अप्रैल को भी अध्यक्ष को इसी तरह की धमकी मिली थी. इस गंभीर मामले को लेकर उन्होंने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और पूरे मामले की जांच कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी।

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में एक अज्ञात व्यक्ति विधानसभा परिसर के गेट तक पहुंचने में सफल रहा. उसने स्पीकर की गाड़ी में संदिग्ध वस्तु रख दी. हालांकि समय रहते इस घटना को नियंत्रित कर लिया गया था. लेकिन इसने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए.इन घटनाओं के बाद अब स्पीकर को जेड कैटेगरी सुरक्षा प्रदान की गई है. इसके तहत उन्हें 24 घंटे सुरक्षा देने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित कमांडो तैनात किए गए हैं. उनके काफिले के साथ हर समय एक एस्कॉर्ट वाहन भी रहेगा, जो सुरक्षा घेरा मजबूत करेगा. पूरी व्यवस्था की निगरानी एक समर्पित प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में की जाएगी।

## शख्स को गहरे समुद्र में तेल खोजने वाले रिग पर आया हार्ट अटैक, देवदूत बन पहुंची इंडियन नेवी

एर्नाकुलम,(आरएनएस)। भारतीय नौसेना ने केरल के तट पर एक रेस्क्यू ऑपरेशन में बीच समुद्र में एक 42 साल के कर्मचारी की जान बचाई. शख्स को गहरे समुद्र में तेल खोजने वाले रिग पर गंभीर हार्ट अटैक आया था.इंडियन नेवी ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए कोच्चि तट से लगभग 110 किलोमीटर दूर मौजूद एक ऑयल रिग ग्रेटड्रिल छाया से किया गया. अचानक हार्ट अटैक आने से कर्मचारी की हालात तेजी से खराब होने लगी. इस दौरान नेवी फोर्स ने तुरंत उसे चिकित्सा सहायता प्रदान की और उसे समुद्र की तेज लहरों से उठाकर किनारे पर लेकर आए।




**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के वर्धा जिले में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया।**

## मथुरा मोटरबोट हादसाः सातवें दिन यमुना में मिला लापता पंकज का शव, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 16

मथुरा, (आरएनएस)। मथुरा के वृंदावन स्थित केशी घाट पर हुए भीषण मोटरबोट हादसे के सातवें दिन लापता युवक पंकज का शव यमुना नदी से बरामद कर लिया गया है।बचाव दल को पंकज का शव बाबा देवराहा घाट और पानीगांव के बीच मिला। इसके साथ ही इस हृदयविदारक हादसे में जान गंवाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 16 हो गई है।पिछले एक सप्ताह से गोताखोर और जल पुलिस पंकज की तलाश में जुटी थी। गुरुवार को जैसे ही पंकज का शव नदी से बाहर निकाला गया, परिजनों का सब्र टूट गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## गिरिडीह में सड़क हादसा, 3 ट्रकों में टक्कर के बाद लगी आग, जिंदा जले ड्राइवर और कंडक्टर

गिरिडीह(आरएनएस)। गिरिडीह की डुमरी स्थित कुलगो टोल प्लाजा के समीप अल सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के कोलकाता- दिल्ली सड़क मार्ग पर सड़क दुर्घटना में तीन वाहनों मे भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसा में एक ट्रक का ड्राइवर और कंडक्टर जिंदा जल गये। उनकी पहचान अब तक नहीं ही पाई है जबकि एक अन्य ट्रक का कर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वह पटना निवासी है।

प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक गुड़ लड़ा ट्रक धनबाद की ओर जा रहा था, तभी टोल प्लाजा के समीप खड़े आयशर ट्रक से टकरा गया। इससे जोरदार धमाका हुआ और आयशर वाहन ने अपने आगे खड़े कोयला लदे 18 चक्का ट्रक में टक्कर मारी।

# महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल कर रहे हैं प्रधानमंत्रीः प्रियंका गांधी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर महिला आरक्षण संबंधी संविधान संशोधन को सत्ता बनाए रखने के लिए बहाने के तौर पर उपयोग करने और महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया तथा दावा किया कि यदि विधेयक पारित हो गया तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा.उन्होंने महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित विधेयकों पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री को लोकसभा के वर्तमान संख्याबल 543 के आधार पर महिला आरक्षण को लागू करना चाहिए और जाति जनगणना के बिना परिसीमन नहीं होना चाहिए.प्रियंका ने गृह मंत्री अमित शाह पर राजनीतिक कुटिलता का आरोप भी लगाया और तंज कसते हुए कहा, ''यदि आज चाणक्य जिंदा होते तो आपकी कुटिलता से चौंक जाते.''उनका कहना था कि सच्चाई यह है कि लोकसभा में हो रही चर्चा महिला आरक्षण विधेयक पर ही नहीं है, बल्कि परिसीमन पर भी है.उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस ''राजनीति की बू'' का जिक्र किया, वह इस विधेयक में पूरी तरह घुली हुई है.प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार यह विधेयक लाई है क्योंकि वह अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को भागीदारी नहीं देना चाहती है.कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अगर यह विधेयक पारित होता है तो समझ लीजिए कि देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा.कांग्रेस नेता ने कहा, ''अगर प्रधानमंत्री ने यह ऐतिहासिक कदम ईमानदारी से उठाया होता तो पूरा सदन इसका समर्थन करता.''उन्होंने कहा, ''अगर आप (प्रधानमंत्री) महिलाओं का सम्मान करते हैं तो महिलाओं का राजनीतिक इस्तेमाल नहीं करते तथा यह कदम आपके पद और गरिमा के अनुकूल नहीं है।





# जनगणना देश के विकास की नींव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का ऑनलाईन आरंभ प्रदेश में होगा 16 से 30 अप्रैल तक स्व-गणना का कार्य



भोपाल, (निप्र.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 16 अप्रैल से प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हो रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये। यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रदेश में 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाईन स्व-गणना का कार्य होगा। एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी। मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in पर प्रारंभिक पंजीकरण कर प्रदेश में स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। इससे हम जान सकेंगे कि विकास की धारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुगमता से पहुंच रही है या नहीं। यह जनगणना हमारी अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जनगणना में वह सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दे। जनगणना में लगे कर्मचारी-अधिकारी राष्ट्र निर्माण का पवित्र कार्य कर रहे हैं। उनका परिश्रम और सटीकता से किया गया कार्य देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, कलेक्टर भोपाल प्रियंक मिश्रा, आयुक्त भोपाल नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जनगणना संचालनालय के डिप्टी रजिस्टार जनरल डॉ. विजय कुमार सहित जिला प्रशासन और जनगणना संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे।

## छठवें वेतनमान के कर्मचारियों का राहत और महंगाई भत्ता बढ़कर हुआ 257 प्रतिशत, कर्मचारियों को मिलेगा एरियर का भी लाभ



भोपाल, (निप्र.)। राज्य शासन ने छठवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को राहत देते हुए महंगाई भत्ते में वृद्धि का निर्णय लिया है। इस फैसले से कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा और लंबित एरियर का भी भुगतान सुनिश्चित किया गया है। राज्य शासन द्वारा छठवें वेतनमान अंतर्गत कार्यरत शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई है। संशोधित दरों के अनुसार महंगाई भत्ता 252 प्रतिशत से बढ़ाकर 257 प्रतिशत कर दिया गया है। यह 1 जुलाई 2025 से प्रभावशील होगा।इस वृद्धि का वास्तविक लाभ कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2026 से (भुगतान माह मई 2026) से मिलना शुरू होगा। साथ ही, 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि का एरियर 6 समान किश्तों में मई से अक्टूबर 2026 तक दिया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को चरणबद्ध रूप से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। शासन ने यह भी प्रावधान किया है कि उक्त अवधि के दौरान सेवानिवृत्त या दिवंगत हो चुके कर्मचारियों अथवा उनके नामांकित परिजनों को एरियर की राशि एकमुश्त प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिल सके। महंगाई भत्ते की गणना में 50 पैसे या उससे अधिक राशि को अगले पूर्ण रुपये में पूर्णांकित किया जाएगा, जबकि इससे कम राशि को नजरअंदाज किया जाएगा। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि महंगाई भत्ते को किसी भी अन्य प्रयोजन हेतु वेतन का हिस्सा नहीं माना जाएगा।

## बिरसिंगपुर 500 मेगावाट यूनिट ने बिना रुके किया 150 दिन विद्युत उत्पादन

भोपाल(निप्र)। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) के संजय गांधी ताप विद्युत गृह, बिरसिंगपुर की 500 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए 150 दिनों तक निरंतर व निर्बाध विद्युत उत्पादन कर लगातार विद्युत उत्पादन करने की शृंखला में एक कड़ी और जोड़ दी। यह इकाई दिनांक 16 नवम्बर 2025 से सतत् संचालन में है, जो कि संयंत्र की विश्वसनीयता, संचालन क्षमता व उच्च स्तरीय रखरखाव का जीता जागता प्रमाण है। 150 दिनों तक लगातार विद्युत उत्पादन करने के दौरान 500 मेगावाट की यूनिट ने न केवल सतत् उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया, बल्कि विभिन्न परिचालन व तकनीकी मानकों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यूनिट ने 98.64 प्रतिशत का प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर (Plant Availability Factor) बनाए रखा, जो विद्युत उत्पादनके लिये यूनिट की स्थिरता एवं उपलब्धता को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त यूनिट ने 98.45 प्रतिशत का प्लांट लोड फैक्टर (Plant Load Factor) दर्ज किया।

### खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग की नई पहल

## समर कैंप आरोह-2026 नए स्वरूप में होंगे : मंत्री श्री सारंग

### समर कैंप में व्यक्तित्व विकास एवं रचनात्मक गतिविधियां भी होगीं शामिल



भोपाल(निप्र)। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नई पहल शुरू करते हुए समर कैंप आरोह-2026 को नए स्वरूप में करवाने का निर्णय लिया है। इस बार व्यक्तित्व विकास एवं रचनात्मक गतिविधियों को भी समर कैंप में शामिल किया जा रहा है। इस संबंध में गुरूवार को तात्या टोपे खेल स्टेडियम में आयोजित प्रदेश के सभी खेल अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सारंग ने समर कैंप में नई गतिविधियों के बारे में बताया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि भोपाल सहित सभी जगह 1 मई से समर कैंप शुरू होगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारिक वेबसाइट और क्यूआर कोड को स्केन करके इसमें 18 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। उन्होंने सभी खेल अधिकारियों से कहा कि इसमें युवा समन्वयकों से जुड़ कर इसका आयोजन/गतिविधियां ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर तक की जाए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल विभाग के इस समर कैंप आरोह-26 की जानकारी हो और लोग इसमें शामिल हो। यह समर कैंप एक मूवमेंट के रूप में जाना जाए, जैसे फिट इंडिया मूवमेंट, स्वच्छता अभियान आदि।

## मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सुपर 100 प्रवेश परीक्षा का परिणाम किया घोषित

### ओपन स्कूल की बेवसाइट पर विद्यार्थी देख सकते हैं अपना रिजल्ट

भोपाल, (निप्र.)। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सुपर-100 प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम ओपन स्कूल की बेवसाइड mpsos.nic.in पर देख सकते हैं। बोर्ड द्वारा यह परिणाम बीते 15 अप्रैल को घोषित किया गया है।उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही है। विभाग की यह एक महत्वपूर्ण योजना हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सुपर-100 प्रवेश परीक्षा का 22 मार्च 2026 को आयोजन किया गया था। यह परीक्षा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। अब 15 अप्रैल को बोर्ड द्वारा इसका रिजल्ट भी जारी कर दिया गया हैं।परीक्षा में प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी ही हिस्सा ले सकते हैं। परीक्षा के आधार पर चयनित बच्चों को प्रदेश के दो विद्यालयों शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल एवं शासकीय मल्हार आश्रम उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इंदौर में कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जाता है।

## मप्र में अब तक 69554 किसानों से 30 लाख 79 हजार 96 क्विंटल गेहूँ उपार्जित

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 69 हज़ार 554 किसानों से 30 लाख 79 हजार 96 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 178 करोड़ 57 लाख रुपये का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है। यह जानकारी गुरुवार को प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दी। उन्होंने बताया कि गेहूँ का उपार्जन प्रदेश के सभी संभागों में शुरू हो चुका है। अभी तक 3 लाख 32 हजार 58 किसानों द्वारा 1 करोड़ 45 लाख 92 हजार 76 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसान गेहूँ बिक्रय के लिये 24 अप्रैल 2026 तक स्लॉट बुक कर सकते हैं।



खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। गेहूँ की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है।उन्होंने बताया कि उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिये प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूँ विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल की गई है।

### उपार्जन केंद्र में किसानों के लिये गेहूँ बिक्री की सभी सुविधाएं

मंत्री राजपूत ने बताया कि जिन जिलों में गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, वहाँ गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ सफाई के लिए पंखा, छनना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।मंत्री राजपूत ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूँ को रखने के लिये जूट बारदानों के साथ ही पीपी/एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उपार्जित गेहूं में से 20 लाख 43 हजार 438 क्विंटल गेहूँ का परिवहन किया जा चुका है।

## ज्वाइनिंग के बाद एक्शन में कलेक्टर, बैरागढ़ तहसील का किया निरीक्षण, बोले-समझकर करेंगे चरणबद्ध कार्रवाई

भोपाल(निप्र)। भोपाल के नए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गुरुवार को पदभार संभालते ही सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। ज्वाइनिंग के बाद वे पहली बार फील्ड में उतरे और बैरागढ़ (संत हिरदाराम नगर) तहसील पहुंचकर राजस्व रिकॉर्ड व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर जमीनी स्थिति को समझा।मीडिया से बातचीत में कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि भोपाल उनकी पहली पोस्टिंग है, इसलिए वे पहले पूरे सिस्टम को समझेंगे और फिर चरणबद्ध तरीके से काम आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिए कि बड़े तालाब के आसपास अतिक्रमण, अवैध कॉलोनियों और निजी स्कूलों में ड्रेस-पुस्तकों की मोनोपॉली जैसे मुद्दों पर कार्रवाई प्राथमिकता में रहेगी।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तहसील नजूल शहर वृत्त और बैरागढ़ क्षेत्र में राजस्व कार्यों की समीक्षा की। मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि बड़ा तालाब (भोज वेटलैंड) भोपाल की पहचान है और इसकी सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तालाब किनारे अतिक्रमण के मुद्दे को गंभीरता से समझकर उचित कार्रवाई की जाएगी। अवैध कॉलोनियों पर निरंतर कार्रवाई जारी रखने की बात भी उन्होंने दोहराई।निजी स्कूलों में ड्रेस और किताबों की अनिवार्यता को लेकर उठ रहे सवालों पर कलेक्टर ने जल्द ही स्कूल संचालकों की बैठक बुलाने की बात कही।

## सभी अधिकारी नगरीय निकायों को स्वावलंबी और विकास केंद्र के रूप में करें स्थापित : मंत्री श्री विजयवर्गीय

### अधिकारी विद्यार्थी भाव से सेवा और जन-भागीदारी को बनाएँ अपना ध्येय

### सड़क और जल आपूर्ति के साथ रोजगार सृजन और राजस्व वृद्धि पर दें विशेष ध्यान

भोपाल(निप्र)। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान में दीप प्रज्ज्वलित कर शहरी सुधार कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के नगरीय निकायों के अधिकारियों को संबोधित करते हुए दूरदर्शी नेतृत्व और कर्मठता के साथ नगरों के कायाकल्प करने का आह्वान किया। प्रशासन व्यवहार से चलता है, जन-सेवा ही सर्वोपरि मंत्री विजयवर्गीयमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जीवन में सीखने की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, यदि सभी अधिकारी विद्यार्थी भाव को आत्मसात कर जीवन जिएंगे, तो व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों ही उत्कृष्ट होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन केवल नियमों से नहीं, बल्कि उचित व्यवहार से चलता है। जनता की सेवा के लिए समर्पण और कठोर परिश्रम ही एक सफल अधिकारी की वास्तविक पहचान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को दोहराते हुए श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप हमें सभी



नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि हमारे शहरी केंद्रों को विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। अधिकारियों को अब केवल सुदृढ़ सड़क और स्वच्छ जल तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें शहर में रोजगार के नवीन अवसर उत्पन्न करने की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने नगरों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण पर चर्चा करते हुए भूमि मुद्रीकरण और भूमि के कुशल प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि नगरीय भूमि का उपयोग जनकल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए प्रभावी ढंग से हो।

## दानिश हिल्स व्यू, कान्हाकुंज-आदमपुर सहित भोपाल के 35 इलाकों में आज बिजली कटौती

भोपाल (ए.)। बिजली कंपनी मेंटेनेंस कार्य के चलते भोपाल के करीब 35 इलाकों में शुक्रवार को 5 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। जिन इलाकों में बिजली बंद रहेगी, उनमें दानिश हिल्स व्यू, कान्हाकुंज, आदमपुर,




खेजड़ा, गंगानगर, सनसिटी, राजीव नगर, गौमती कॉलोनी, समेत कई बड़े इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में बिजली संबंधित जरूरी काम पहले से निपटा लें। ताकि परेशानी का सामना न करना पड़े।

### - इन इलाकों में पड़ेगा असर

सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक दानिश हिल्स व्यू 1, कान्हा कुंज एवं आसपास के इलाके।सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक आदमपुर, आदर्श नगर, शिवशक्ति नगर, फॉरच्यून डिलाइट, निरुपम फेस-1, बर्फानी धाम एवं आसपास।सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चित्रगुप्त नगर, आराधना नगर, अंबेडकर नगर, नया बसेरा, गंगा नगर, इंद्रप्रस्थ, सनसिटी, इंद्रविहार, आदित्य एवेन्यू, मनुआभान टेकरी, पंचवटी कॉलोनी-1, 2, 3-4 एवं आसपास के इलाके।सुबह 10 से शाम 4 बजे तक राजीव नगर बी और सी सेक्टर, खेजड़ा, पुलिस हाउसिंग, पुलिस रेडियो न्यू क्वार्टर, कम्फर्ट प्लाजा, गौमती कॉलोनी, जैन टॉवर एवं आसपास। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शाहयद्री, सीएसडी कॉलोनी, वन विहार एवं आसपास।

## मप्रः सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार गिरफ्तारी प्रक्रिया में पारदर्शिता अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

### - पुलिस मुख्यालय ने सभी इकाइयों को जारी किया परिपत्र

भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेशमें अपराध अनुसंधान विभाग पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के आदेश के




पालन में गुरुवार को सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों एवं संबंधित इकाइयों को एक महत्वपूर्ण परिपत्र जारी किया गया है। यह परिपत्र आपराधिक अपील के विरुद्ध महाराष्ट्र राज्य एवं अन्य में दिनांक 06 नवंबर 2025 को पारित आदेश के अनुपालन में जारी किया गया है, जिसमें गिरफ्तारी की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश निर्धारित किए गए हैं।उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22(1) के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारणों को जानने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इस अधिकार के संरक्षण के लिए न्यायालय ने पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय ने परिपत्र जारी किया है।

## भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल ने डॉ. बी.आर. अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई




भोपाल (ए.)। भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2026 को स्थानीय प्रधान कार्यालय ऑडिटोरियम में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल सर्किल, सेवा के महासचिव दिनेश कुमार खसारिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने बाबा साहेब के प्रमुख योगदानों की चर्चा करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए उनके प्रयासों के बारे में बताया ।

मुख्य महाप्रबंधक प्रभाष कुमार सुबुद्धि ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के विचारों—समानता, एकता, आत्मसम्मान एवं नैतिकता—को बैंकिंग कार्य संस्कृति में अपनाने पर बल दिया तथा बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

मुख्य वक्ताओं डॉ. सीमा माथुर (सहा. प्राध्यापक, दिल्ली यूनिवर्सिटी) एवं डॉ. अरुण खोबरे (सहा. प्राध्यापक, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल ने डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनकी विचारधारा की वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए.इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रस्तुतिः हर्षा रात्रे एवं टीम

### गीत गायनः राजमंगल सोय, आशीष डागर, कमल गजभिए

कविता पाठ कैलाश मेश्राम बच्चों के लिए क्विजः नीता खरे कार्यक्रम का संचालन सुश्री रेनुका साहू एवं सुश्री संगीता खलखो द्वारा किया गया। समारोह में लगभग 350 से अधिक अतिथियों की उपस्थिति रही। अंत में भारतीय स्टेट बैंक एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष हरिसिंह दलोदिया ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सीधी जिले में 1641 करोड़ रुपये की समूह जल प्रदाय योजना से 9.67 लाख से अधिक आबादी को मिलेगा लाभ

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से एक व्यापक और दीर्घकालिक पहल के रूप में सीधी बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। सीधी के ग्रामीण क्षेत्रों में 1641.52 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत यह परियोजना क्षेत्रों में पेयजल संकट को स्थायी रूप से दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना केवल पेयजल आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण जीवन में स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक-आर्थिक सुधार का माध्यम भी बनेगी।

# उज्जैन सिंहस्थ 2028 की तैयारियां जारी. संभागायुक्त-कलेक्टर ने किया सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण

### *आगर रोड़ से खाक चौक चौराहा तक निर्माणाधीन सड़क के बीच फूलदार पौधे लगाने के निर्देश*

उज्जैन,(ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी क्रम में संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ मेला क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य प्रगति की जानकारी ली।इस दौरान संभागायुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र के आगर रोड़ से खाक चौक तक निर्माणाधीन सड़क चौड़ीकरण कार्य में सड़क के बीच में फूलदार ऐसे पौधे लगाएं जाएं, जो अप्रैल-मई महीने में फूल देते हैं। उन्होंने निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के विकास कार्य प्रगतिरत है। इसी क्रम में संभागायुक्त और कलेक्टर ने सिंहस्थ मेला क्षेत्र के लिए आगर रोड़ चौराहा से खाक चौक चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर कार्य प्रगति की जानकारी संबंधित विभाग के



अधिकारियों द्वारा दी गई। सड़क चौड़ीकरण कार्य के बाद यह मार्ग दोनों ओर से 12-12 मीटर चौड़ा हो जाएगा। संभागायुक्त ने मार्ग के बीच में फूलदार पौधे लगाने के साथ ही बारिश के पहले निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।संभागायुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शिप्रा नदी के तट समीप श्री रणजीत हनुमान मंदिर से सिंहस्थ बायपास वाया ग्राम गोंसा तक 4 लेन निर्माणाधीन सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। मौके पर जानकारी दी गई कि 2.1 किलोमीटर लंबे और 12 मीटर चौड़े मार्ग निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य की मॉनिटरिंग संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से की जाए। जिससे कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में टेंडर की सभी शर्तों का पालन करते हुए निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही डामर का कार्य वर्षा ऋतु शुरु होने के पहले किया जाए। संभागायुक्त ने सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए नईखेड़ी रेलवे स्टेशन से पहुंच मार्ग 1.30 कि.मी. निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर जानकारी दी गई कि सड़क निर्माण में स्क्रेप का कार्य किया जा चुका है। सड़क निर्माण कार्य जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। संभागायुक्त ने करोहन से नईखेडी पंचक्रोशी मार्ग का भी निरीक्षण कर निर्देश दिए कि मार्ग निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

## कलेक्टर का नलकूप खनन स्थल पर निरीक्षण, जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश



राजगढ़(ए.)। जिले में जल संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन और भू-जल स्तर को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीशकुमार मिश्रा ने गुरुवार को नलकूप खनन कार्य स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित रहकर ड्रिलिंग की शुरुआत से लेकर फ्लशिंग तथा केसिंग इंस्टॉलेशन तक की संपूर्ण तकनीकी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने ड्रिलिंग में उपयोग की जा रही आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नलकूप स्त्रोतों में उपस्थित एक्वीफर (जलधारक परत) एवं इंटरक्ले जैसी भू-वैज्ञानिक संरचनाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया, ताकि भू-जल संरचना व उपलब्धता का वैज्ञानिक आकलन किया जा सके। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से नलकूपों के माध्यम से भू-जल पुनर्भरण (रिचार्जिंग) की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने रिचार्ज शाफ्ट संरचना के माध्यम से वर्षा जल को भूमिगत जलस्तर तक पहुंचाने की तकनीक को समझा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में ऐसी संरचनाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके साथ ही यह भी अध्ययन किया गया कि मौजूदा बोरवेल को रिचार्ज सिस्टम से जोड़कर उसे अधिक उपयोगी कैसे बनाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टिकोण अपनाते हुए योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जाए।

## जैन राजनैतिक चेतना मंच की विशेष बैठक चांदखेड़ी में संपन्न

**- हुकुम जैन काका को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित**



इन्दौर (ए.)। विश्व प्रसिद्ध अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी के सभागार में जैन राजनीतिक चेतना मंच मध्यप्रदेश-राजस्थान शाखा की कोर कमेटी की एक विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ बाबा आदिनाथ के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण से हुआ। मंच के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से कोटा जैन समाज के रत्न, अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी के अध्यक्ष एवं मंच के वर्तमान राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष हुकुम जैन काका को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जैन काला, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश जैन चेलावत सहित दोनों राज्यों के लगभग सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय महामंत्री ललित जैन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में समाज गौरव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंच के संरक्षक प्रदीप जैन आदित्य मौजूद थे।बैठक में विगत तीन वर्षों से मंच की सक्रियता में आई कमी पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

### ऐतिहासिक बदलाव की ओर मातृशक्ति

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से तय होगी राष्ट्र की नई नियति : मंत्री सुश्री भूरिया



मंदसौर (ए.)। देश के लोकतांत्रिक इतिहास में महिलाओं की भागीदारी को नई ऊंचाई देने के संकल्प के साथ गुरुवार को मंदसौर के कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' हुआ। महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा की नीति निर्धारण में अब महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक युगांतकारी निर्णय है। उन्होंने कहा, "अब महिलाएं केवल मतदाता नहीं, बल्कि देश की नीति निर्धारक (पॉलिसी मेकर) बनेंगी। यह अधिनियम आने वाली पीढ़ियों के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगा।" मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक संसद में इस विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित मातृशक्ति और नागरिकों से इस सत्र को गंभीरता से सुनने और समझने का आह्वान किया, जिससे राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की बदलती भूमिका को आत्मसात किया जा सके। हाल ही में घोषित 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों का जिक्र करते हुए प्रभारी मंत्री ने बेटियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां न केवल आत्मनिर्भर हो रही हैं, बल्कि स्टार्टअप और उद्योगों के माध्यम से दूसरों को रोजगार भी दे रही हैं। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे इन प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहित करें।

## पति सहित चार आरोपितों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

राजगढ़,(ए.)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के शहर ब्यावरा थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। ग्राम मोई में रह रही 23 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार को पति, सास, ससुर और जेठ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार ग्राम बडलावदा थाना खुजनेर निवासी पूजा यादव ने बताया कि उसका विवाह करीब दो वर्ष पूर्व सामाजिक रीति-रिवाज से संजय यादव के साथ हुआ था। विवाह के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में पांच लाख रुपये की मांग की जाने लगी। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।पीड़ित ने बताया कि लगातार हो रही प्रताड़ना के चलते वह पिछले आठ महीनों से अपने मायके ग्राम मोई में रहने को मजबूर है। 8 अप्रैल को ससुराल पक्ष के लोग उसके मायके पहुंचे और दहेज की मांग पूरी करने पर ही उसे वापस ले जाने की बात कही।

# व्यापार समाचार

## सोना हुआ बेकाबू! अक्षय तृतीया से पहले रॉकेट बनी कीमतें

मुंबई (आरएनएस)। वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में आ रहे बदलावों और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की खबरों के बीच भारतीय वायदा बाजार में आज कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी दर्ज की गई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इजरायल और लेबनान के बीच तनाव कम करने के संकेतों



और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को स्थायी रूप से खोले जाने की घोषणा के बावजूद, गुरुवार को एमसीएक्स पर सोना और चांदी दोनों हरे निशान में कारोबार करते दिखे.मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 5 जून के कॉन्ट्रैक्ट वाले सोने के वायदा भाव में सुबह के सत्र में 0.67 प्रतिशत यानी 1,042 रुपये की तेजी देखी गई. इसके साथ ही सोना 1,54,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के इंट्राडे हाई पर पहुंच गया. वहीं, चांदी के वायदा भाव में अधिक मजबूती रही. चांदी 1.58 प्रतिशत या 3,993 रुपये की छलांग लगाकर 2,55,735 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर जा पहुंची.बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि हालांकि युद्ध की स्थिति टलने से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग कम होनी चाहिए थी, लेकिन व्यापक आर्थिक कारकों और निचले स्तरों पर हुई खरीदारी ने कीमतों को सहारा दिया है.कीमतों में यह हलचल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने पश्चिम एशिया संघर्ष के जल्द समाप्त होने की उम्मीद जताई है. ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि इजरायल और लेबनान के बीच ब्रीदिंग रूम (तनाव कम करने का अवसर) बनाने की कोशिशें जारी हैं और दोनों पक्षों के बीच जल्द ही बातचीत होगी.

कॉमोडिटी एक्सपर्ट्स के अनुसार, सोने और चांदी में अभी भी मजबूती बनी हुई है. सोने के लिए 1,55,000 रुपये का स्तर बेहद महत्वपूर्ण है. अगर कीमतें इस स्तर के ऊपर टिकी रहती हैं, तो यह 1,57,000 से 1,58,000 रुपये तक जा सकती हैं. हालांकि, 1,54,000 रुपये के नीचे जाने पर मुनाफावसूली हावी हो सकती है, जिससे कीमतें 1,48,000 रुपये तक गिर सकती हैं.

चांदी की बात करें तो इसे औद्योगिक मांग और सुरक्षित निवेश का सहारा मिल रहा है. विश्लेषकों का मानना है कि चांदी 2,60,000 से 2,63,000 रुपये के प्रतिरोध स्तर को पार करने के बाद 2,70,000 रुपये का आंकड़ा छू सकती है.

### मजबूती के साथ खुले भारतीय बाजार, मिड-ईस्ट में तनाव कम होने से सेंसेक्स 566 अंक उछला, निफ्टी 24,380 के पार

मुंबई,(आरएनएस)। भारतीय शेयर बाजार के लिए आज यानी गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 की सुबह खुशियां लेकर आई. वैश्विक स्तर पर वाशिंगटन और तेहरान के बीच बढ़ते तनाव में कमी के संकेतों ने निवेशकों के उत्साह को बढ़ा दिया है. इसका सीधा असर दलाल स्ट्रीट पर देखने को मिला, जहाँ सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही बढ़त के साथ खुले.बीएसई का बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स आज 566 अंकों यानी 0.73 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,677 के स्तर पर खुला. वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 154 अंकों या 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,385 पर कारोबार शुरू करने में कामयाब रहा. बाजार में इस तेजी का मुख्य कारण वैश्विक बाजारों से मिलने वाले सकारात्मक संकेत और खाड़ी क्षेत्र से आ रही राहत भरी खबरें हैं.बाजार में आई इस हरियाली के पीछे सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण स्ट्रैट ऑफ हॉर्मुज का स्थायी रूप से खुलना माना जा रहा है. अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि तनाव कम हो रहा है और ईरान को हथियारों की आपूर्ति रोकने पर सहमति बनी है. इस खबर ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के ठप होने के डर को खत्म कर दिया है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता आई है. वर्तमान में ब्रेंट क्रूड 95 प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है.

## एबीबी इंडिया के एक शेयर पर मिलेगा 29.59 रुपये का डिविडेंड, 2 मई है रिकॉर्ड डेट




नई दिल्ली (आरएनएस)। एबीबी इंडिया ने अपने शेयर होल्डर्स के लिए फाइनल डिविडेंड का ऐलान कर दिया है। कंपनी के शेयर होल्डर्स को 29.59 रुपये प्रति शेयर का फाइनल डिविडेंड दिया जाएगा। इसके लिए रिकॉर्ड डेट दो मई तय की गई है। मतलब दो मई तक जिन लोगों के नाम शेयरों के नाम लाभार्थी मालिकों के तौर पर रजिस्टर ऑफ मेंबर्स ऑफ द कंपनी के पास या डिपॉजिटरी के रिकॉर्ड्स में दर्ज होंगे, वे लोग ही डिविडेंड के हकदार होंगे।इससे पहले कंपनी ने कैलेंडर ईयर 2025 के लिए 9.77 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम डिविडेंड दिया था। एबीबी इंडिया अपने इंटरनल फाइनेंशियल ऑपरेशन के लिए वित्त वर्ष के रूप में अप्रैल से मार्च के कैलेंडर की जगह जनवरी से दिसंबर के कैलेंडर को फॉलो करती है। हालांकि, एक्सटर्नल फाइनेंशियल ऑपरेशन के लिए सामान्य तौर पर मान्य अप्रैल-मार्च के वित्त वर्ष का ही प्रयोग होता है। एक मई को शेयर बाजार में महाराष्ट्र दिवस की छुट्टी होने के कारण रिकॉर्ड डेट दो मई के ठीक पहले वाले कारोबारी दिन 30 अप्रैल को कंपनी का शेयर एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेगा। इस डिविडेंड की घोषणा फरवरी महीने में हुई थी। अब एबीबी इंडिया की नौ मई को होने वाली सालाना आम बैठक (एजीएम) में डिविडेंड पर शेयरहोल्डर्स की मंजूरी ली जाएगी। कंपनी के शेयर की फेस वैल्यू दो रुपये है।शेयर होल्डर्स के लिए फाइनल डिविडेंड का ऐलान होने के बावजूद आज एबीबी इंडिया के शेयर सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद 6,880 रुपये प्रति शेयर के भाव पर बंद हुए। कंपनी के शेयर के मार्केट परफॉर्मेंस की बात करें तो ये शेयर पिछले दो सप्ताह में 12 प्रतिशत, पिछले तीन महीने में 40 प्रतिशत और पिछले तीन साल में 112 प्रतिशत तक चढ़ चुका है। कंपनी का मार्केट कैप 1.45 लाख करोड़ रुपये है। दिसंबर, 2025 के आखिर तक प्रमोटर्स के पास 75 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।अक्टूबर से दिसंबर, 2025 की तिमाही में एबीबी इंडिया का स्टैंडअलोन रेवेन्यू 3,557 करोड़ रुपये रहा, जबकि इस अवधि में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 432.85 करोड़ रुपये रहा। अगर कैलेंडर ईयर 2025 की बात करें तो पूरे साल के दौरान कंपनी का स्टैंडअलोन रेवेन्यू 13,202.73 करोड़ रुपये और शुद्ध मुनाफा 1,668.26 करोड़ रुपये रहा।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 122, निफ्टी 34 अंक फिसला




मुंबई (ए.)। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट अंतराराष्ट्रीय बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही ही बिकवाली हावी रहने से आई है। मध्यपूर्व में तनाव से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। आज कारोबार के दौरान प्रमुख बेंचमार्कों में हल्की गिरावट रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 122.56 अंक फिसलकर 77,988.68 पर था, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 34.55 अंक नीचे आकर 24,196.75 पर बंद हुआ।वहीं व्यापक बाजारों ने बेंचमार्क सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप में 0.63 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.89 फीसदी की तेजी रही। निफ्टी मेटल में 1.53 प्रतिशत की तेजी और निफ्टी आईटी में 0.88 फीसदी की तेजी रही जबकि निफ्टी मीडिया, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी एफएमसीजी में भी तेजी रही जबकि निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी ऑटो और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी।निफ्टी में सबसे ज्यादा नुकसान एचडीएफसी बैंक, ओएनजीसी, एचडीएफसी लाइफ, टाइटन, एमएंडएम, भारती एयरटेल और अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयरों को हुआ जबकि अदाणी एंटरप्राइजेज, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अदानी पोर्ट्स और बीईएल के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत को लेकर जारी आशंकाओं से भी निवेशकों में घबराहट का माहौल है जिससे वे बाजार से दूर बने हुए हैं।हालांकि विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की खरीदारी और भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों से मिल रहे सकारात्मक संकेतों से भी बाजार धारणा मजबूत हुई है जिससे गिरावट पर अंकुश लगाने का काम किया है। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बीच बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। सुबह सेंसेक्स 78,677 के स्तर पर खुला । वहीं निफ्टी भी मजबूती के साथ 24,385 के स्तर पर खुला पर समय के साथ ही दोनो सूचकांकों में गिरावट आने लगी।

# चीन बना भारत का नंबर-1 ट्रेडिंग पार्टनर; अमेरिका को पीछे छोड़ शीर्ष पर पहुंचा



नई दिल्ली,,(आरएनएस)। वैश्विक व्यापार के समीकरणों में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में चीन एक बार फिर अमेरिका को पछाड़कर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है. पिछले चार वर्षों (2021-22 से 2024-25) तक अमेरिका इस पायदान पर काबिज था, लेकिन इस साल द्विपक्षीय व्यापार में हुई भारी वृद्धि ने चीन को शीर्ष पर पहुंचा दिया है.

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत और चीन के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2025-26 में 151.1 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है. हालांकि, इस व्यापारिक बढ़त का एक चिंताजनक पहलू भारत का बढ़ता व्यापार घाटा है. चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया है, जो पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 99.2 अरब डॉलर था.

पिछले वित्त वर्ष के दौरान चीन को भारत का निर्यात 36.66 प्रतिशत बढ़कर 19.47 अरब डॉलर रहा. वहीं, चीन से होने वाला आयात 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 131.63 अरब डॉलर पर पहुंच गया.

दूसरी ओर, अमेरिका के साथ भारत का व्यापार थोड़ा धीमा रहा. अमेरिका को होने वाला निर्यात मात्र 0.92 प्रतिशत बढ़कर 87.3 अरब डॉलर रहा, जबकि आयात 15.95 प्रतिशत बढ़कर 52.9 अरब डॉलर हो गया. इसके परिणामस्वरूप अमेरिका के साथ भारत का व्यापार सरप्लस घटकर 34.4 अरब डॉलर रह गया.

वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, भारत ने यूएई, जर्मनी, इटली और वियतनाम जैसे देशों के साथ निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है. हालांकि, नीदरलैंड, ब्रिटेन, सऊदी अरब और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देशों को होने वाले निर्यात में गिरावट देखी गई है. वहीं, रूस और ऑस्ट्रेलिया से होने वाले आयात में भी कमी आई है.

## *फ्लिपकार्ट और उबर की बड़ी साझेदारी, अब हर उबर राइड पर मिलेंगे सुपरकॉइन्स*

*नई दिल्ली, ,(आरएनएस)। ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी फ्लिपकार्ट और दुनिया की प्रमुख राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म उबर ने भारतीय ग्राहकों के लिए एक विशेष साझेदारी की घोषणा की है. इस रणनीतिक गठबंधन के तहत फ्लिपकार्ट के लोकप्रिय रिवॉर्ड प्रोग्राम सुपरकॉइन्स को उबर की वाहन सेवाओं के साथ जोड़ दिया गया है. इस कदम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को उनकी रोजमर्रा की यात्राओं पर अतिरिक्त बचत और लाभ प्रदान करना है.इस साझेदारी के बाद, उबर का उपयोग करने वाले यात्री अब अपनी हर एलिजिबल (पात्र) राइड पर फ्लिपकार्ट सुपरकॉइन्स कमा सकेंगे. उपयोगकर्ता जब भी उबर के माध्यम से कैब बुक करेंगे, तो उनके कुल किराये का 4 प्रतिशत हिस्सा सुपरकॉइन्स के रूप में उनके खाते में जमा हो जाएगा. उदाहरण के तौर पर, यदि आपकी राइड का किराया 500 रुपये है, तो आपको 20 सुपरकॉइन्स मिलेंगे.कंपनियों द्वारा जारी बयान के अनुसार, प्रति यात्रा अधिकतम रिवॉर्ड की सीमा 150 सुपरकॉइन्स तय की गई है. हालांकि, ग्राहकों के लिए अच्छी खबर यह है कि कुल कमाई पर कोई ऊपरी सीमा नहीं है; यानी आप महीने भर में जितनी चाहें उतनी राइड्स लेकर कॉइन्स जमा कर सकते हैं. ये अर्जित कॉइन्स सीधे उपयोगकर्ता के फ्लिपकार्ट अकाउंट में रिफ्लेक्ट होंगे.उबर के जरिए कमाए गए इन सुपरकॉइन्स का उपयोग फ्लिपकार्ट के पूरे इकोसिस्टम में किया जा सकता है. ग्राहक इनका उपयोग फ्लिपकार्ट पर खरीदारी करने, फ्लिपकार्ट मिनट्स से ग्रोसरी मंगवाने, क्लियरट्रिप पर फ्लाइट या होटल बुक करने और अन्य थर्ड-पार्टी पार्टनर सेवाओं का लाभ उठाने के लिए कर सकते हैं.*

# सम्पादकीय



**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## आखिरकार जनता पर ही बोझ

पेट्रोलियम पर उत्पाद शुल्क में कटौती से सरकारी खजाने को 2026-27 में 1.7 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होगा। उसकी भरपाई केंद्र कहां से करेगा? सीधा गणित है कि वह बाजार से अधिक कर्ज लेगा, जिसका बोझ आखिरकार जनता पर ही आएगा।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सत्ता होने के दौर में अपनी तिजोरी भरने वाली कंपनियों को राहत देने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार ने उत्पाद शुल्क में भारी कटौती की है। इस कारण सरकारी खजाने को 2026-27 में 1.7 लाख करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचेगा। पिछले वर्ष सरकार ने आय कर और जीएसटी दरों में कटौती की। उससे भी उसे राजस्व का नुकसान हुआ। इन सबकी भरपाई केंद्र उसकी कहां से करेगा? सीधा गणित है कि वह बाजार से अधिक कर्ज लेगा। 2026-27 के केंद्रीय बजट में 16.09 लाख करोड़ रुपये का ऋण लेने का प्रावधान है। लेकिन अब बताया गया है कि उसका 51 फीसदी यानी 8.2 लाख करोड़ रुपये का कर्ज वित्त वर्ष की पहली छमाही में ही ले लिया जाएगा।

मौजूदा वित्तीय हालात को देखते हुए अनुमान है कि दूसरी छमाही कम-से-कम इतना और ऋण लिया जाएगा- यानी बजट में तय सीमा टूट सकती है। बाजार से ऋण का स्रोत अधिकांशतः ऋण का कारोबार करने वाली वित्तीय कंपनियां होती हैं। सरकारें जितना अधिक कर्ज लेती हैं, उनके बॉन्ड पर ब्याज दर उतनी बढ़ती चली जाती है। फिलहाल, भारत सरकार के दस साल के बॉन्ड की ब्याज दर 6.92 प्रतिशत है, जो हाल के किसी समय से ऊंची है। मतलब यह कि अभी के कर्ज पर सरकार की दीर्घकालिक देनदारी खासी ऊंची होगी। इस कारण हर साल कर्ज एवं ब्याज चुकाने का अधिक दबाव सरकार के बजट पर होगा।

अगर सरकार की आमदनी दूसरे स्रोतों से नहीं बढ़ेगी, तो जाहिर है, उपरोक्त देनदारी विकास एवं जन-कल्याण के खर्चों में कटौती कर पूरी की जाएगी। गौरतलब है कि परोक्ष करों के जरिए राजस्व जुटाने की गुंजाइश अब बेहद सीमित हो चुकी है। विनिवेश से पैसा जुटाने की संभावनाएं भी अब सीमित ही हैं। उस स्थिति में केंद्र के पास आमदनी बढ़ाने का एकमात्र जरिया धनी लोगों पर अधिक कर्ज लगाने का बचा है। लेकिन कॉरपोरेट्स का मुनाफा बढ़ाने की प्राथमिकता वाली वर्तमान सरकार के लिए यह सोचना भी कठिन है। इसलिए उत्पाद कर घटने का अर्थ दीर्घकाल में आम जन पर दबाव बढ़ना होगा। यही आज का गणित और हकीकत है।

# महिला आरक्षण बिल के बाद बदलेगी संसद की सूरत

**( लेखक-सौरभ वार्ष्णेय/**

16 अप्रैल से संसद का विशेष संत्र आयोजित होने जा रहा है। इस सत्र में भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। लंबे इंतजार और व्यापक राजनीतिक विमर्श के बाद पारित हुआ महिला आरक्षण बिल—जिसे आधिकारिक रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है—देश की संसद और विधानसभाओं की संरचना में ऐतिहासिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करता है। यह विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है, जो भारतीय राजनीति में लैंगिक संतुलन की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।

आज तक भारतीय संसद में महिलाओं की भागीदारी सीमित रही है। हालांकि इंदिरा गांधी, सुषमा स्वराज और ममता बनर्जी जैसी प्रभावशाली महिला नेताओं ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है, लेकिन कुल संख्या के लिहाज से महिलाएं अब भी कम प्रतिनिधित्व वाली श्रेणी में रही हैं। ऐसे में यह आरक्षण बिल केवल संख्या बढ़ाने का नहीं, बल्कि नीति निर्माण में महिलाओं की दृष्टि और संवेदनशीलता को शामिल करने का प्रयास भी है।

इस विधेयक के लागू होने के बाद संसद की सूरत में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकता है। अधिक संख्या में महिला सांसदों की भागीदारी से सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा और पोषण जैसे मुद्दों पर अधिक गंभीरता से चर्चा होने की संभावना है। इससे नीतियां अधिक समावेशी और जमीनी हकीकत के करीब बन सकती हैं।

हालांकि, इस बदलाव के साथ कुछ चुनौतियां भी सामने आएंगी। राजनीतिक दलों को योग्य महिला उम्मीदवारों को तैयार करने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करने होंगे। केवल आरक्षण से ही वास्तविक सशक्तिकरण संभव नहीं है; इसके लिए सामाजिक मानसिकता में बदलाव और राजनीतिक प्रशिक्षण भी उतना ही आवश्यक है।

इसके अलावा, आरक्षण की व्यवस्था को लागू करने के लिए परिसीमन की प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण होगी, जो इस कानून के क्रियान्वयन को प्रभावित कर सकती है। इस कारण, इसके प्रभावी लागू होने में समय लगने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। फिर भी, यह कहना गलत नहीं होगा कि महिला आरक्षण बिल भारतीय लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधिक, संतुलित और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है। यह न केवल संसद की सूरत बदलेगा, बल्कि राजनीति की सोच और प्राथमिकताओं को भी नई दिशा देगा। यह विधेयक केवल महिलाओं के अधिकारों की बात नहीं करता, बल्कि एक मजबूत, समावेशी और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण की आधारशिला रखता है।



केंद्र सरकार ने हाल ही में उन आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया है, जो 2029 तक विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर विशेषकर दक्षिण भारतीय राज्यों में उभर रही हैं। यह मुद्दा केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि संघीय ढांचे, प्रतिनिधित्व के संतुलन और लोकतांत्रिक विश्वास से भी जुड़ा हुआ है। महिला आरक्षण का उद्देश्य राजनीति में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है। लंबे समय से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही है। ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। लेकिन इसके साथ जुड़ा परिसीमन का सवाल कई जटिलताओं को जन्म देता है।

परिसीमन का अर्थ है जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण। 2026 के बाद होने वाली संभावित परिसीमन प्रक्रिया में जनसंख्या के वर्तमान आंकड़ों को आधार बनाया जाएगा। यहीं से दक्षिण भारत के राज्यों की चिंता शुरू होती है। इन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि उत्तर भारत के कुछ राज्यों में जनसंख्या वृद्धि अधिक रही है। ऐसे में आशंका है कि परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों की सीटें घट सकती हैं, जिससे उनकी राजनीतिक ताकत कमजोर हो सकती है। केंद्र सरकार का कहना है कि महिला आरक्षण और परिसीमन दो अलग-अलग प्रक्रियाएँ हैं, और किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि संतुलन और न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए ही कोई निर्णय लिया जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल आश्वासन से राज्यों की चिंताएँ दूर हो जाएंगी?

यह भी समझना जरूरी है कि महिला आरक्षण को परिसीमन से जोडने् का प्रावधान क्यों रखा गया। इसका एक कारण यह है कि नए सिरे से सीटों का निर्धारण होने पर आरक्षित सीटों का संतुलित और न्यायसंगत वितरण संभव हो सके। लेकिन यही प्रावधान अब राजनीतिक विवाद का कारण बन रहा है।

समाधान के लिए आवश्यक है कि केंद्र और राज्यों के बीच संवाद और विश्वास कायम रखा जाए। एक ऐसा मॉडल विकसित किया जाए, जिसमें महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए क्षेत्रीय संतुलन भी बना रहे। संभव है कि परिसीमन के लिए केवल जनसंख्या ही नहीं, बल्कि अन्य मानकों को भी शामिल किया जाए, ताकि न्यायपूर्ण प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।महिला आरक्षण एक सामाजिक और लोकतांत्रिक आवश्यकता है, लेकिन इसे लागू करने की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जो किसी भी क्षेत्र या राज्य के साथ असमानता की भावना पैदा न करे। यह समय राजनीतिक परिपक्वता और दूरदर्शिता दिखाने का है, ताकि देश एक समावेशी और संतुलित लोकतंत्र की ओर आगे बढ़ सके।

महिला आरक्षण: एक सामाजिक और लोकतांत्रिक आवश्यकता

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की अनिवार्यता है। लंबे समय से राजनीति और नीति-निर्माण के केंद्र में पुरुषों का वर्चस्व रहा है, जिसके कारण महिलाओं से जुड़े कई मुद्दे अपेक्षित प्राथमिकता नहीं पा सके। ऐसे में महिला आरक्षण का प्रश्न केवल प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि बराबरी और सशक्तिकरण का भी है। महिलाएं देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं, लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनकी भागीदारी अभी भी सीमित है। पंचायत स्तर पर आरक्षण लागू होने के बाद यह स्पष्ट हो चुका है कि जब महिलाओं को अवसर मिलता है, तो वे न केवल प्रभावी नेतृत्व करती हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव भी लाती हैं। इस अनुभव को उच्च स्तर की राजनीति में लागू करना समय की मांग है। महिला आरक्षण सामाजिक असमानताओं को दूर करने का एक प्रभावी माध्यम बन सकता है। भारतीय समाज में अब भी कई स्तरों पर लैंगिक भेदभाव मौजूद है, जो महिलाओं की प्रगति में बाधा बनता है। आरक्षण नीति उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करती है, जहां वे अपनी आवाज़ बुलंद कर सकती हैं और अपने अधिकारों की रक्षा कर सकती हैं। लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसमें सभी वर्गों का समुचित प्रतिनिधित्व हो।

# बिहार में नीतीश कुमार, एक विकास युग का सम्मानजनक अंत

**अजय दीक्षित**

भारत के राजनीतिक इतिहास में पहली बार राज्य के मुख्यमंत्री का कार्यकाल इतने सम्मान से समाप्त हुआ हो जिस तरह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेवा निवृत्ति हुई है। नीतीश कुमार 2005 में मुख्यमंत्री बने थे और आज यानि बाबा साहब अम्बेडकर जी की जयंती पर उन्होंने पूर्ण बहुमत के साथ इतीफा दिया है ।वे 20 वर्ष से अधिक समय तक लगातार मुख्यमंत्री रहे है। आरंभ उनकी समता पार्टी थी और भारतीय जनता पार्टी से उनका गठबंधन था ।वह दौर भाजपा में अटलजी, आडवाणी जी का था।2010 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और जेडीयू को दो तिहाई सीट मिली लेकिन मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार 2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बैचारिक मतभेद चलते राजद के साथ लड़े और विधानसभा चुनाव में बहुमत भी लाए ।2020 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से समझौता कर चुनाव जीते लेकिन उनकी 47 सीट आई जबकि भारतीय जनता पार्टी की 77 विधायक चुनकर आए लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाया क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव



में जेडीयू भाजपा, लोजपा के साथ मिलकर 39 सीट कुल 40 में से जीती ।2025 विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 89, जेडीयू,85, लोजपा 19, जीतनराम माझी को 6 सीट मिली।राजद का सूपड़ा साफ हो गया। लेकिन फिर भी नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने।यानि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें 04 बार मुख्यमंत्री बनाया। लेकिन आज उन्होंने राज्य सभा में जाने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।बताया जाता है कि 75 वर्षीय नीतीश कुमार का स्वास्थ्य साथ नहीं दे रहा है यही मुख्य कारण है। नीतीश कुमार ने यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शेयर कर पद मुक्ति बात रखी ।


नीतीश कुमार ने 2005 में जब पद सम्हाला था तब उन्हें बीमार राज्य मिला था। चारों ओर लूट, अपराध, अपहरण,सरकारी डकैती,ठेका पर कब्जा ,राजद की गुंडागर्दी, महिलाओं से जुड़े अपराध, औद्योगिक विकास समाप्त जैसे वातावरण था ।सड़क टूटी फूटी, गड्ढे, बुनियादी ढांचे में कोई विकास नहीं था । ऐसे में नीतीश कुमार ने राज्य को खड़ा किया। अपराध मुक्त कराया। संगठित अपराधियों जेल में ठूसा।नीतीश कुमार की सम्मान जनक बिदाई दी गई है वरना नरेंद्र मोदी के अलावा किसी ने अपने मन मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा है। नरेंद्र मोदी ने भी प्रधानमंत्री पद की शपथ ले कर मुख्यमंत्री पद छोड़ा था।भारत के राजनीतिक इतिहास में गोविंदबल्लभ पंत,कामराज नाडार, जयललिता, करुणानिधि, हेमवती नंदन बहुगुणा, सुचेता कृपलानी, मोहन लाल सुखाड़िया, मुलायम सिंह, सरीखे मुख्यमंत्री रहे।बिहार के नालंदा जिले केबख्तियार पुर नामक गांव से कुर्मी जाति में जन्मे नीतीश कुमार के पिता वैद्य थे । नीतीश कुमार ने बहुत विख्यात पटना इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़कर बी ई मैकेनिकल की डिग्री प्राप्त की उसके बाद वे राज्य इलेक्ट्रिकी बोर्ड में सहायक यंत्री बने लेकिन उनका मन राजनीति में रमता था।इस लिए वे जयप्रकाशनायरण के संपर्क में आए और राजनीत शुरू की ।1977 में वे लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। उसके बाद अटलजी की सरकार में कृषि, रेल, मंत्री रहे और 2005 में मुख्यमंत्री बने। नीतीश कुमार का जीवन बहुत सुचिता पूर्ण रहा । नीतीश कुमार पर 20 वर्ष के मुख्यमंत्री तौर पर भ्रष्टाचार,भाई भतीजा बाद, पुत्र बाद का आरोप नहीं लगा है।जब वे अटलजी की सरकार 6वर्ष कबिनेट मंत्री रहे तब भी बहुत ही बेहतर कार्य किया था।

## (चिंतन-मनन) प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे।

एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए।

परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दर्शाता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।




मेष राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आज परिवार वालों के साथ समय बीतेगा। कुछ दिनों से परिवार में चल रही किसी समस्या का समाधान आज मिल सकता है जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं , आज पूरे होने वाली हैं। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

वृष राशि: आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज किसी कार्य की योजना बनाने में सफल होंगे और मेहनत का पूरा फायदा भी मिलेगा। सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। आज व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे। जीवनसाथी आपसे प्रसन्न होंगे। आज आपको किसी अच्छी कंपनी से इंटरव्यू के लिए कॉल आ सकता है। आज आपको रोजगार के कई अवसर मिलेंगे।

मिथुन राशि: आज मन स्थिर न होने की वजह से आप थोड़े उलझन में रहेंगे, लेकिन अपनों की मदद से राहत महसूस करेंगे। ऑफिस में आज आपका काम काफी बढ़ सकता है। जरूरत से ज्यादा काम होने से थकान महसूस हो सकती है। जिन कोशिशों को आप अपनी ओर से व्यर्थ मान चुके थे, वे आज सफल होंगी। आज किसी सामाजिक कार्यक्रम में जाना पड़ सकता है।

कर्क राशि: आज आप सोच-विचार में डूबे रहेंगे। इस राशि के जो लोग कम्प्यूटर के क्षेत्र से जुड़े है, आज उन्हें कार्यक्षेत्र को बढ़ाने में रुकावट महसूस हो सकती है। बेहतर होगा कि अपनी सफलता की राह में दूसरों को बीच में न आने दें। आर्थिक मामलों को लेकर किसी व्यक्ति से आज रोचक बात हो सकती हैं। आज आपके स्वास्थ्य में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्त होगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज बड़ा ऑफर मिलने से धन लाभ हो सकता है। आपके लिए व्यक्ति मददगार हो सकता है। इस राशि के साहित्य से जुड़े लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आप जिससे मदद की उम्मीद करेंगे, उससे आपको समय पर मदद मिल जायेगी।

कन्या राशि: आज किस्मत आपका साथ देगी। आज रूका हुआ काम आज आसानी से पूरा हो जायेगा। ऑफिस में आज सीनियर से बातचीत करने से सहयोग प्राप्त होगा, साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने के कई नये अवसर प्राप्त हो सकते है।

तुला राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज उन परिस्थितियों में पड़ने से बचें, जिनमें आप असुविधा महसूस करते हैं। आज अपनी सोच को सकारात्मक बनाये रखें और फीजूल की बातों में पड़ने से बचें। अगर आप किसी नये काम की शुरुआत कर रहे हैं, तो आज पूरा दिन व्यस्त रह सकते हैं। आज कदम उठाने में जल्दबाजी न करें।

वृश्चिक राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज जीवनसाथी से कुछ अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। आज घर में किसी कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं या दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते हैं। इस राशि के छात्र अगर आज किसी इंटरव्यू के लिये जा रहे हैं, तो उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। आज आपको सभी कामों में सफलता प्राप्त होगी।

धनु राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। इस राशि के जो लोग सूचना प्रसारण क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, आज उन्हें किसी बड़ी संस्था में काम करने का अवसर मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज अचानक धन लाभ हो सकता हैं। आज अपने करियर को लेकर थोडा चिंतित हो सकते है। आज परिवार के सहयोग से आपके सारे काम बन जायेंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। जिस अवसर की पिछले कई दिनों से आपको तलाश थी, वो आज किसी करीबी की मदद से मिल सकता है। बॉस आज आपके काम से खुश हो सकते है। आज अपने खास काम निपटाने के लिहाज से दिन बहुत अच्छा है।

कुंभ राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। अगर आज आप कुछ ख़ास काम करना चाहते है, तो जरूर करें वह जरूर सफल होगा। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिसे आप बखूबी निभाएंगे। आज अचानक धन लाभ हो सकता है। आज हर काम को ध्यान से करेंगे, तो अच्छा रहेगा। इस राशि के कलाकारों के लिए आज का दिन विशेष रूप से अच्छा है।

मीन राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपका खर्च बढ़ सकता है। आज कामकाज के मामले में थोड़े सुस्त रहेंगे। आज पुराने लेन देन को अनदेखा न करें। आज घर में किसी मेहमान के आने की संभावना है, जिससे आपका मन खुश रहेगा। आज जीवनसाथी के बीच सामंजस्य बना रहेगा।

# भारत की औषधि रणनीति पैमाने से नवाचार की ओर बढ़ रही है, ताकि देश को बायोफार्मा और उच्च-मूल्य वाले चिकित्सा विज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके

**जगत प्रकाश नड्डा**

वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। लंबे समय से जेनरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण विश्व की फ़ार्मेसी के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके।

केंद्रीय बजट 2026-27 में 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है। यह विज़न गहरी वैज्ञानिक क्षमताओं के निर्माण, नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की दवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सक्षम बनाने पर आधारित होगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और उन्नत चिकित्सीय क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को गति देना है। यह कार्यक्रम औषधि विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मौजूदा पहलों का पूरक है, जैसे फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना (पीआरआईपी), अनुसंधान विकास और नवाचार योजना, बायोनेस्ट आदि, जिनका उद्देश्य जैव- औषधि समेत जीवन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है। ये पहलें भारत के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करने, उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जेनेरिक दवाओं से नवाचार संचालित दवा अनुसंधान और विकास की ओर बदलाव को सक्षम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

इस रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ किण्वन-आधारित निर्माण क्षमताओं का विकास करना है। एंटिबायोटिक, वैक्सीन, एंज़ाइम और बायोलॉजिक्स के निर्माण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह क्षेत्र लंबे समय से आयात पर निर्भर रहा है। अवसंरचना में निवेश करके, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाकर तथा लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करके, भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में घरेलू क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए काम कर रहा है।

भारत के नैदानिक अनुसंधान इकोसिस्टम का विस्तार भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। 1,000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोग केंद्र स्थापित किये जायेंगे, जो वैश्विक दवा विकास गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को बेहतर बनायेंगे। अपनी लागत लाभ और कुशल शोधकर्ताओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक प्रयोग के लिए असाधारण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, नियामक व्यवस्था को मजबूत करने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने से भारत की मौजूदा व्यवस्था वैश्विक मानकों के अधिक अनुरूप होगी, जिससे तेज अनुमोदन संभव होंगे और वैश्विक हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ेगा।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पीएलआई और थोक दवा (बल्क ड्रग) पार्क योजनाओं के सहारे सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और मुख्य आरंभिक सामग्रियों (केएसएम) के स्थानीय उत्पादन में तेज़ी से प्रगति हुई है। इससे देश में दवाओं की कीमतें घटाने में मदद मिली है, जो विश्व स्तर पर सबसे कम कीमतों में से एक है और इसके कारण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत किफायती बनी रहती है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है, जिसके तहत 19,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र लाखों लोगों की सेवा कर रहे हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाओं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं पर सीमा-शुल्क को सुव्यवस्थित करने जैसे पूरक उपाय जीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच को और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं अधिक व्यापक होंगी, किफायती दर और समान पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय नीति की प्राथमिकता बनी रहेगी।

जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं। नियामक समन्वय, अनुमोदन प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और तेजी से मंजूरी जैसे प्रयास व्यापार करने में आसानी को बढ़ा रहे हैं। गुणवत्ता मानकों और नियामक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने से भारतीय औषधि उत्पादों पर वैश्विक विश्वास की निरंतरता सुनिश्चित होती है। हालांकि, आरएंडडी निवेश बढ़ाना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसका समाधान करने के लिए, सार्वजनिक-निजी सहयोग को मजबूती देना आवश्यक होगा, ताकि दीर्घकालिक नवाचार को बनाए रहा जा सके।

नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगति और बाजार का आपसी समन्वय; औषधि क्षेत्र के लिए विकास का एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। भारत का घरेलू बाजार, जिसका मूल्य पहले से ही ?4 लाख करोड़ से अधिक है, निरंतर विस्तार के लिए तैयार है। अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है।

निष्कर्ष के तौर पर, भारत का औषधि क्षेत्र नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो नवाचार, सुदृढ़ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा द्वारा परिभाषित होता है।



# देश से गद्दारी पड़ी भारी, पाकिस्तानी एजेंट को खुफिया जानकारी देने वाले 7 आरोपियों को 3 साल की जेल

भुवनेश्वर (आरएनएस) ।भुवनेश्वर की उप-विभागीय न्यायिक मजिस्ट्रेट (SDJM) अदालत ने देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले एक बड़े नेटवर्क के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। ओटीपी (OTP) आधारित धोखाधड़ी के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी एजेंट को भारत की संवेदनशील जानकारी साझा करने के मामले में अदालत ने बुधवार को सात लोगों को दोषी करार दिया है। मामले से जुड़े पुख्ता सबूतों की गहन जांच के बाद इन सभी दोषियों को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है।

**साक्ष्यों और गवाहों ने खोली पोल, लगा भारी जुर्माना**

एसडीजेएम अदालत ने इस बेहद गंभीर मामले में 56 दस्तावेजी साक्ष्यों और 11 गवाहों की गवाही को आधार बनाकर अपना कड़ा फैसला सुनाया। इन ठोस सबूतों ने अदालत में आरोपियों की अवैध और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता को पूरी तरह साबित कर दिया। जारी किए गए प्रेस नोट के मुताबिक, सभी सात दोषियों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास के साथ-साथ प्रत्येक पर 32,000 रुपये का भारी जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि जुर्माना राशि का भुगतान न करने की सूरत में दोषियों को तीन महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना पड़ेगा।



भारतीय सिम कार्ड के दुरुपयोग से विदेशी संचालकों को दी गई पहुंच

यह पूरा मामला डिजिटल संचार और भारतीय सिम कार्ड के गंभीर दुरुपयोग से जुड़ा हुआ है। जांच में सामने आया कि इन शातिर दोषियों ने कई सिम कार्ड जुटाए और उनके ओटीपी विदेशी संचालकों के साथ साझा कर दिए। इसका फायदा उठाकर विदेशी एजेंटों और संचालकों ने अवैध गतिविधियों के लिए संचार स्थापित किया और भारतीय नेटवर्क तक अपनी अवैध पहुंच बनाई। इस मामले में दोषी पाए गए लोगों की पहचान पठानी समंत लेंका, अभिजीत संजय जांबुरे, मोहम्मद इकबाल हुसैन, प्रीतम कर, सौम्य रंजन पटनायक, प्रद्युम्न साहू और सरोज नायक के रूप में हुई है। जांचकर्ताओं के अनुसार, इस गैंग में कम से कम दो आरोपी राज्य के बाहर के थे, जिन्होंने एक पाकिस्तानी एजेंट के साथ मिलकर इस पूरे अवैध नेटवर्क को संचालित करने में अहम भूमिका निभाई थी।

**STF ने नयागढ़ से किया था मुख्य आरोपी को गिरफ्तार**

इस बड़े साइबर क्राइम और जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ सबसे पहले स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने किया था। एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए 12 मई 2023 को नयागढ़ से इस मामले के मुख्य आरोपी पठानी सामंत लेंका को गिरफ्तार किया था। लेंका की गिरफ्तारी के बाद जब आगे की जांच की गई, तो विदेशी नेटवर्क और अवैध वित्तीय लेनदेन के कई चौंकाने वाले सबूत सामने आए, जिसके आधार पर बाकी के छह आरोपियों की भी धरपकड़ की गई। प्रशासन ने अदालत के इस फैसले को साइबर अपराधों और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक गतिविधियों के खिलाफ एक बड़ा कदम बताया है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सिम कार्ड के उपयोग पर सख्त निगरानी और जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया है।

## राजस्थान के कोटा में स्लीपर बस पलटी, खिड़की से बाहर गिरे यात्रियों को ट्राले ने कुचला

कोटा(आरएनएस)। राजस्थान के कोटा में बुधवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। यहां यात्रियों से भरी एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई और डिवाइडर से जा टकराई। हादसा आरके पुरम थाना क्षेत्र में स्थित हैंगिंग ब्रिज के पास नया गांव के नजदीक हुआ है। हादसे में 3 यात्रियों की मौत हुई है, जबकि 35 से अधिक घायल हैं। बताया जा रहा है कि बस पलटने से बाद छिटककर बाहर गिरे यात्रियों की ट्राले ने कुचल दिया, जिससे उनकी जान गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि निजी कंपनी की बस अहमदाबाद से बुधवार दोपहर 12 बजे मध्य प्रदेश के भिंड-मुरैना के लिए रवाना हुई थी। तभी रात 12 बजे के आसपास चालक को झपकी आ गई और उसने बस से नियंत्रण खो दिया। बस काफी रफ्तार में थी, जिसकी वजह से वह एक छोटी पुलिया से टकरा गई और डिवाइड को फांदकर दूसरी लेन में जाकर पलट गई। हादसे के समय बस में 60 यात्री थे, जो क्षमता से अधिक थे।बताया जा रहा है कि बस का अगला शीशा टूटने से आगे बैठे यात्री छिटककर बाहर आ गए। तभी अपनी लेन में आ रहे एक ट्राले ने बस को देखकर इमरजेंसी ब्रेक लगाए। हालांकि, ब्रेक से बस और ट्राले की टक्कर तो नहीं हुई, लेकिन बस से बाहर गिरे यात्री ट्राले के नीचे आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। बस में अधिकतर यात्री मध्य प्रदेश के थे। ट्रेलर के चालक और खलासी को चोट नहीं आई है।

## लखनऊ में झुग्गी-झोपड़ी में लगी भीषण आग, 100 से अधिक सिलेंडर फटे, मवेशी जले और कई बच्चे गायब

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकास नगर इलाके में बुधवार शाम को भीषण आग लग गई, जिसमें 1,200 से अधिक झुग्गी-झोपड़ी जलकर खाक हो गईं। झोपड़ियां को बगल में आवासीय सोसाइटी, होटल और कई शोरूम हैं। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें 10 किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं। आग के कारण झोपड़ियों में रखें 100 से अधिक सिलेंडरों में धमाके हुए हैं। यहां रहने वाले लोग रोते-बिलखते देखे गए।

विकासनगर सेक्टर-12 स्थित मिनी स्टेडियम से कुछ दूर 3 बीघा खाली जमीन है। यह आवासीय सोसाइटी के बगल में है, जहां काफी सालों से लोग झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। बुधवार शाम को अचानक एक झोपड़ी में आग लगी, जिसके बाद 1,200 झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर हाहाकार मच गया। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंच गई। अग्निशमन विभाग की 22 गाड़ियों ने करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

एक व्यक्ति ने अपने 4 बच्चों के जिंदा जलने का दावा किया है और 50 मवेशी भी आग में जल गए। कुछ लोगों ने बच्चों के गायब होने का भी दावा किया है। हालांकि, अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की सूचना पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच कराने की बात कही है। सभी बेघर लोगों को नगर निगम के शिविर में जगह दी गई है। पड़ताल जारी है।

## सारंडा में मुठभेड़ जारीः नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, एक जवान घायल

रांची,(आरएनएस)। सारंडा में बुधवार से जारी सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ गुरुवार को भी जारी है. गुरुवार को नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी विस्फोट किया है. इस विस्फोट में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया है. घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है।


सारंडा में नक्सलियों ने गुरुवार को सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आईईडी ब्लास्ट किया है. इस ब्लास्ट में सीआरपीएफ के कोबरा बटालियन के जवान अभिनव कुमार बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं. चाईबासा एसपी अमित रेनू ने बताया कि अभियान के दौरान ही जंगल में एक ब्लास्ट हुआ है. जिसमें कोबरा के जवान घायल हुए हैं. उन्हें बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा जा रहा है।

बता दें कि बुधवार की सुबह 10 बजे से पुलिस और नक्सलियों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ में अब तक 5 जवान घायल हो चुके हैं. बुधवार की शाम पहली बार चार घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया. वहीं, फिर दूसरी बार में 5 जवान को एयरलिफ्ट कर रांची लाया जा रहा है।

## बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए 20 अप्रैल से 15 जून तक छत्तीसगढ़ के सभी विद्यालय बंद रहेंगे

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयो को 20 अप्रैल से 15 जून तक बंद रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस निर्णय का उद्देश्य विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।

शिक्षा विभाग द्वारा जारी अधिकृत आदेश के अनुसार, प्रदेश में तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है, जिससे छोटे बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। विशेषकर दोपहर के समय लू चलने और तेज धूप के कारण विद्यालयीन छात्रों के बीमार पड़ने का खतरा अधिक हो गया है।सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय एहतियातन लिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। विद्यालयो में ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि को बढ़ाकर यह व्यवस्था लागू की गई है। शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया है कि वे इस दौरान किसी भी प्रकार की नियमित कक्षाएं संचालित न करें।



*लाहौल-स्पीति ज़िले में अटल सुरंग के उत्तरी द्वार के पास बर्फ़ से ढके पहाड़ों का एक दृश्य।*

## 12 राज्यों में आज लगेंगे लू के थपेड़े, पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी होने के आसार

नईदिल्ली,(आरएनएस)। देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जबकि दक्षिण राज्यों में प्री-मानसून की गतिविधियों के कारण थोड़ी राहत है। बुधवार को महाराष्ट्र के अकोला में सबसे अधिक 44.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ सहित 11 राज्यों में लू चलने की संभावना जताई है, वहीं पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी होने के आसार हैं।राजस्थान में बुधवार को बाड़मेर का तापमान 42.8 डिग्री तक पहुंच गया, वहीं कई जगहों पर रात का तापमान 29 डिग्री तक दर्ज किया गया। 17-18 अप्रैल को पश्चिमी जिलों में इसके 44 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में अलगे 4-5 दिनों में अधिकतम तापमान 3-4 डिग्री और रात का 2-3 डिग्री बढ़ सकता है। मध्य प्रदेश के भी कई शहरों में तापमान 40 डिग्री के आस-पास पहुंच गया, वहीं बिहार में भी आज मौसम शुष्क रहेगा।आईएमडी के अनुसार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ, ओडिशा, पश्चिमी राजस्थान, झारखंड, उत्तरी कर्नाटक, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, गुजरात के तटीय इलाके, केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में 16-19 अप्रैल के बीच लू चलने की संभावना है। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और पंजाब में बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान जताया है। दिल्ली समेत एनसीआर इलाके में 16 अप्रैल को प्रचंड गर्मी पड़ने की संभावना है। इस दौरान राजधानी का अधिकतम तापमान 39-40 डिग्री के बीच



और न्यूनतम 26 डिग्री रहने की संभावना है। दोपहर में 15 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 अप्रैल से बादल छाएंगे और कुछ जगहों पर हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। आने वाले दिनों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने की भी आशंका जताई गई है।

### झारखंड में एसआईआर शुरू करने की प्रक्रिया तेज, घर-घर जाएंगे बीएलओ लगाएं स्टीकर

रांची,(ए.)। झारखंड में मतदाता सूची के एसआइआर शुरू होने से पहले प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अब तक इन तैयारियों की समीक्षा वर्चुअल बैठकों के जरिए से की जा रही थी, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद अब जिलों में जाकर भौतिक निरीक्षण शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और संभावित कमियों को दूर करना है। राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने जमशेदपुर का दौरा कर जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्रों में तैयारियों की समीक्षा की।

## बोकारो से लापता पुष्पा केस, हाईकोर्ट सख्त, डीएनए जांच कोलकाता भेजने का आदेश, 2 हफ्ते में रिपोर्ट तलब

रांची, (आरएनएस)। बोकारो से लापता पुष्पा कुमारी मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए जांच प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं. कोर्ट ने बरामद नरकंकाल और पीड़िता के माता-पिता के डीएनए सैंपल की जांच कोलकाता स्थित सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री में कराने का आदेश दिया है. साथ ही राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर डीएनए जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है. पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता विंसेंट रोहित ने यह जानकारी दी है.सुनवाई के दौरान जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने बरामद कंकाल का पोस्टमार्टम रांची के रिम्स में कराने का भी निर्देश दिया. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए. सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि माता-पिता का सैंपल लिया जा चुका है.मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट के निर्देश पर डीजीपी, बोकारो एसपी, एफएसएल निदेशक और नई गठित एसआईटी टीम अदालत में पेश हुए. डीजीपी ने मामले के शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिया. वहीं एसआईटी टीम सभी दस्तावेजों के साथ कोर्ट में मौजूद रही और उससे विस्तृत पूछताछ भी की गई।

## कानून मंत्री बोले- लोकसभा सीटें 815 होंगी, कांग्रेस ने कहा- मौजूदा सीटों पर मिले महिला आरक्षण

नईदिल्ली, (आरएनएस)। संसद के विशेष सत्र के दौरान आज परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े विधेयकों को पेश किया गया है। इन पर चर्चा के दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बताया कि विधेयकों के लागू हो जाने के बाद देश में लोकसभा की कुल सीटें बढ़कर 815 हो जाएंगी। अभी ये 543 हैं। कानून मंत्री के मुताबिक, हर राज्य की कुल सीटों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, महिला आरक्षण विधेयक 2023 में पारित किया गया था, जिसमें 2026 के बाद जनगणना और परिसीमन के आधार पर इसके प्रावधानों को लागू करने का प्रावधान किया गया था। लोकसभा सदस्यों की ताकत में समान 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी और यह 815 सीटों में तब्दील हो जाएगी, जिनमें से 272 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जो सदन की ताकत का



एक तिहाई है। इससे किसी राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, कानून मंत्री की बातों से लग रहा था कि पहली बार सदन के अंदर महिला आरक्षण पर चर्चा हो रही है। आज से ही 3 साल पहले गृह मंत्री ने ऐसी ही बातें की थीं। 90 प्रतिशत वही बातें हैं। तब भी हमने यही कहा था कि हमारी पार्टी महिला आरक्षण के पक्ष में हैं, लेकिन इसे सरल कीजिए, ताकि जब पारित हो तभी लागू हो जाए। इसे परिसीमन के साथ न जोड़ें।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री राजनीति कर रहे हैं और यहां कुछ लोगों ने उन्हें गुमराह किया है। महिला आरक्षण के खिलाफ कोई नहीं है, लेकिन वे इसे हराने के लिए कोई बहाना ढूंढ़ रहे हैं। अगर आप किसी बहाने से महिला आरक्षण को हराना चाहते हैं, तो यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पल होगा। इसलिए तमिलनाडु या किसी भी राज्य को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्हें लोगों को गुमराह और भ्रमित नहीं करना चाहिए। केंद्र सरकार जो 3 विधेयक लाई हैं, उसमें संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, परिसीमन (संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 शामिल है। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक में लोकसभा की सीटें 850 करने का प्रस्ताव है, जिससे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता खुलेगा।

## फीते का रंग तिरंगे की तरह देख उमर अब्दुल्ला ने काटने से किया इनकार

**तिरंगा के प्रति सम्मान देख बीजेपी व लोग कर रहे सीएम उमर की तारीफ**

जम्मू,(ए.)। जम्मू-कश्मीर मे सीएम उमर अब्दुल्ला का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति दिखाया गया सम्मान पूरे देश को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दे रहा है। श्रीनगर में घटी घटना ने यह साफ कर दिया है कि तिरंगा के प्रति सम्मान किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर होता है और यही भावना देश की एकता को मजबूत करती है।बता दें बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला श्रीनगर के कश्मीर हाट में हस्तशिल्प विभाग के एक कार्यक्रम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। यह कार्यक्रम अपने



कारीगरों को जानो नाम से आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और उनकी कला को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जब उद्घाटन के लिए उनके सामने फीता लाया गया, तो उन्होंने देखा कि उस फीते के रंग तिरंगे जैसे थे। यह देखते ही उन्होंने तुरंत उसे काटने से इनकार कर दिया और कहा कि इसे नहीं काटा जा सकता।सीएमए ने अपने डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी की ओर देखते हुए भी यही बात दोहराई, जिस पर सुरिंदर चौधरी ने भी सहमति जताई।

## 'रोमांस होता तो अब तक बच्चे हो गए होते' चिराग पासवान संग अफेयर की खबरों पर बोली कंगना रनौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। बॉलीवुड की 'क्वीन' और भारतीय जनता पार्टी (BJP) की तेजतर्रार सांसद कंगना रनौत हमेशा अपने बेबाक बयानों के लिए सुर्खियों में रहती हैं। अब उन्होंने केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के सुप्रीमो चिराग पासवान के साथ अपने रिश्तों को लेकर चल रही तमाम अटकलों और अफवाहों पर खुलकर विराम लगा दिया है। न्यूज एजेंसी एएनआई को दिए गए एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कंगना ने चिराग के साथ अफेयर की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए ऐसा मजेदार जवाब दिया, जिसकी हर तरफ भारी चर्चा हो रही है। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी तीखा तंज कसा।

'दस साल से दोस्त हैं, अफेयर होता तो बच्चे हो जाते'

संसद भवन के बाहर और अंदर चिराग पासवान के साथ अपनी बॉन्डिंग और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियोज पर बात करते हुए कंगना ने साफ किया कि उनके बीच ऐसा कुछ भी नहीं है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह चिराग को पिछले दस सालों से जानती हैं और वे दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं। अफेयर की खबरों को नकारते हुए कंगना ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर उनके बीच कोई रोमांस



होता, तो अब तक उनके बच्चे भी हो गए होते। कंगना के इस बेबाक जवाब ने सोशल मीडिया पर चल रही सभी गॉसिप्स की हवा निकाल दी है।इस इंटरव्यू के दौरान जब राहुल गांधी को लेकर सवाल पूछा गया, तो कंगना ने अपने चिर-परिचित अंदाज में चुटकी ली। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा कि वह राहुल गांधी के सिर पर बेवजह ऐसा कोई 'ताज' नहीं पहना सकतीं, जिसके वह असल में हकदार ही नहीं हैं। वहीं, दूसरी ओर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। महिला आरक्षण बिल का जिक्र करते हुए कंगना ने कहा कि पीएम मोदी का व्यक्तित्व और उनकी नीतियां पूरी तरह समानता पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए कोई भी नेता महिला वोटरों को खुश क्यों नहीं करना चाहेगागौरतलब है कि कंगना रनौत और चिराग पासवान ने साल 2011 में आई बॉलीवुड फिल्म 'मिले ना मिले हम' में एक साथ स्क्रीन शेयर की थी। यह फिल्म चिराग की पहली और आखिरी फिल्म साबित हुई थी, जिसके फ्लॉप होने के बाद उन्होंने राजनीति का रुख कर लिया था। 2024 के लोकसभा चुनावों में दोनों नेताओं की शानदार जीत के बाद जब वे संसद में मिले, तो उनकी हंसी-मजाक की तस्वीरें जमकर वायरल हुई थीं। इससे पहले अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' के प्रमोशन के दौरान भी कंगना ने हंसते हुए मीडिया से कहा था, प्लीज कम से कम संसद में तो हमें बख्श दीजिए। कंगना ने चुटकी लेते हुए बताया था कि लोग सिर्फ इसलिए उनके पीछे पड़े हैं क्योंकि चिराग ने उन्हें कुछ बार हंसा दिया था और अब हालत यह है कि अफवाहों के डर से चिराग उन्हें देखते ही अपना रास्ता बदल लेते हैं।



गाज़ियाबाद के इंदिरापुरम में झुग्गियों के एक समूह में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते दमकलकर्मी।

# रवीना टंडन की बेटी और राजकुमार हिरानी के बेटे की जोड़ी तैयार, मचेगा धमाल



बॉलीवुड में एक और धमाकेदार स्टार किड डेब्यू की तैयारी पूरी हो चुकी है। अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और मशहूर निर्देशक राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी अब एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। वीर की सिनेमाघरों में आने वाली इस पहली फिल्म में राशा उनके साथ रोमांस करती दिखेंगी। फिल्म के लिए काफी समय से हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब आखिरकार राशा पर आकर खत्म हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी को अपनी पहली थिएट्रिकल फिल्म के लिए लीड हीरोइन मिल गई है। जय शेवक्रमणि के अगले प्रोडक्शन में बन रही इस फिल्म में रवीना की बेटी राशा थडानी को उनके अपोजिट कास्ट किया गया है। इस फिल्म का नाम फिलहाल लगन लागी रे रखा गया है। कुल मिलाकर 2 बड़े फिल्मी घरानों के वारिसों को एक साथ देखना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होने वाला है।ये फिल्म एक ताजा और युवाओं पर आधारित प्रेम कहानी बताई जा रही है, जिसका निर्देशन सोनाली रतन देशमुख करेंगी। सोनाली इससे पहले अपने पति कुणाल देशमुख के साथ जन्नत, तुम मिले और शिद्दत जैसी मशहूर रोमांटिक म्यूजिकल फिल्मों में बतौर सहायक निर्देशक काम कर चुकी हैं। निर्माता पर्दे पर एक बिल्कुल नई जोड़ी पेश करना चाहते थे और उनका मानना है कि वीर-राशा एक बेहद शानदार रोमांटिक जोड़ी साबित होंगे। इस फिल्म की शूटिंग जुलाई 2026 में शुरू होगी।ये वीर हिरानी की बड़े पर्दे पर पहली फिल्म होगी। अभिनय की दुनिया में ये उनका दूसरा प्रोजेक्ट है। इससे पहले वो जियो हॉटस्टार की आने वाली सीरीज प्रीतम पेड्रो में नजर आएंगे, जो एक साइबर क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इस सीरीज को उनके पिता ने बनाया है। इसमें उनके साथ अरशद वारसी और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार हैं। लंदन की प्रतिष्ठित रॉयल एकेडमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट से स्नातक वीर पहले ही थिएटर जगत में अपनी पहचान बना चुके हैं।जहां तक राशा की बात है, उन्होंने पिछले साल अभिषेक कपूर की पीरियड ड्रामा फिल्म आजाद से अभिनय की शुरुआत की थी। हालांकि, उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। उधर राशा भी अपने अभिनय से दर्शकों को कुछ खास प्रभावित नहीं कर पाईं। वो बात अलग है कि इस फिल्म के पार्टी नंबर उई अम्मा... ने उन्हें सोशल मीडिया पर खूब मशहूर कर दिया था। राशा अभिनेता अभय वर्मा के साथ लइकी लइका भी लेकर आ रही हैं।

# फोर्स 3 से जॉन अब्राहम की वापसी, हर्षवर्धन राणे भी साथ; धमाकेदार एक्शन से थिएटर में मचेगा तहलका, रिलीज डेट से उठा पर्दा



एक्शन-थ्रिलर फिल्मों के शौकीनों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जॉन अब्राहम की मशहूर फ्रैंचाइजी फोर्स की तीसरी कड़ी यानी फोर्स 3 पर काम तेजी से शुरू हो चुका है। फिल्म का पहला शेड्यूल शुरू हो गया है और पूरी टीम इस प्रोजेक्ट को लेकर पूरी तरह समर्पित नजर आ रही है। इस फ्रैंचाइजी के पिछले दो भागों की सफलता को देखते हुए दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। इस बार फिल्म में जॉन अब्राहम के साथ हर्षवर्धन राणे भी नजर आने वाले हैं, इसका मतलब है कि स्वैग डबल होगा।फोर्स 3 में इस बार दर्शकों को कुछ पुराने चेहरों के साथ-साथ नई प्रतिभाएं भी देखने को मिलेंगी। फिल्म में जॉन अब्राहम एक बार फिर एसीपी यशवर्धन सिंह के अपने कड़क अवतार में वापसी कर रहे हैं। उनके साथ इस बार हर्षवर्धन राणे और तान्या मानिकतला मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। हर्षवर्धन के किरदार को लेकर अभी सस्पेंस बना हुआ है, जबकि तान्या को इससे पहले ए सूटेबल बॉय में काफी पसंद किया गया था। निर्देशन की जिम्मेदारी भाव धुलिया को सौंपी गई है, जो खाकी: द बिहार चैप्टर और द फ्रीलांसर जैसी सफल सीरीज के लिए जाने जाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि भाव धुलिया ने इस फ्रैंचाइजी के पहले भाग में दिवंगत निर्देशक निशिकांत कामत के साथ बतौर सहायक काम किया था, इसलिए उनके लिए यह एक घर वापसी जैसा अनुभव है।फिल्म के निर्माण और अभिनय पर बात करते हुए जॉन अब्राहम ने कहा कि फोर्स एक ऐसी फ्रैंचाइज़ी है जिस पर उन्हें हमेशा से गहरा विश्वास रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार फिल्म के स्तर को और भी बड़ा बनाया जा रहा है। जॉन ने हर्षवर्धन राणे की भी तारीफ की और कहा कि वे उन्हें एक एक्शन हीरो के रूप में पेश करने के लिए उत्साहित हैं। वहीं निर्माता शील कुमार ने जॉन अब्राहम के साथ अपने लंबे रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि फोर्स 3 उनके लिए भरोसे और साझा विजन का परिणाम है। निर्देशक भाव धुलिया ने बताया कि जब उन्होंने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी वे इसके दीवाने हो गए थे और अब वे इसे पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।हर्षवर्धन राणे ने इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जॉन अब्राहम जैसे दिग्गज और भाव धुलिया के विजन के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात है। तान्या मानिकतला भी इस एक्शन फ्रैंचाइजी से जुड़कर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने अपनी भूमिका को विशेष बताया है।

# नेहा धूपिया की हॉलीवुड में दस्तक, फिल्म 52 ब्लू से सामने आई पहली झलक

अभिनेत्री नेहा धूपिया अपनी अपकमिंग फिल्म 52 ब्लू को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म से वह हॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। फिल्म के मेकर्स ने इसका पहला लुक और ट्रेलर जारी किया है। नेहा



धूपिया इसमें एक अलग लुक में नजर आ रही हैं। यह फिल्म फीफा वर्ल्ड कप 2022 के बैकग्राउंड में एक भारतीय प्रवासी मजदूर की जिंदगी पर आधारित है।2 मिनट 11 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि नेहा धूपिया ने उस व्यक्ति (यादव शशिधर) की मां का किरदार निभाया है, जो लियोनेल मेस्सी का बहुत बड़ा फैन है। वो लियोनेल मेस्सी से मिलने विदेश जाता है। वहां जाकर वह फंस जाता हैं। भारत में आशीष का परिवार पहले तो उनके विदेश जाने पर खुश होता है, बाद में जब वह वापस नहीं आता है, तो परिवार के लोग परेशान होते हैं।

# भक्ति और भव्यता का संगमः श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर फिल्म कृष्णावतारम के ट्रेलर का हुआ अनावरण, लगे राधे-राधे के जयकारे



इस एक ऐसा पल जिसने सिनेमा और आध्यात्म के बीच की सीमाओं को मिटा दिया है. फिल्म 'कृष्णावतारम' का भव्य ट्रेलर पवित्र कृष्ण जन्मभूमि पर लॉन्च किया गया. यह सिर्फ एक ट्रेलर लॉन्च नहीं था, बल्कि एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव बन गया, जिसमें हजारों श्रद्धालु एक साथ भक्ति में लीन नजर आए.जैसे ही ट्रेलर का अनावरण हुआ, पूरा वातावरण राधे-राधे और जय श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा. श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने इस पल को और भी खास बना दिया. यह आयोजन केवल एक स्थान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रमन रेती मंदिर, राधा रानी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन वृंदावन जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक इसका विस्तार किया गया. इस तरह यह लॉन्च एक मल्टी-लोकेशन आध्यात्मिक उत्सव में बदल गया.फिल्म के निर्माताओं के अनुसार, 'कृष्णावतारम' केवल एक भव्य फिल्म नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए एक पवित्र अर्पण है. इसे इस तरह से तैयार किया गया है कि यह दर्शकों को न सिर्फ शानदार विजुअल्स दे, बल्कि एक गहरी भावनात्मक और आध्यात्मिक यात्रा पर भी ले जाए.

# बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर 2 ने 27वें दिन फिर दिखाया दम, डकैत को भी मिली बढ़त

फिल्म धुरंधर 2 का पलड़ा बॉक्स ऑफिस पर अभी भी भारी चल रहा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने 27वें दिन फिर से अच्छी कमाई कर दिखाई है। आंकड़ों में बढ़त देखने को मिली। फिल्म के जरिए रणवीर सिंह हर दिन दर्शकों का बेशुमार प्यार हासिल कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की फिल्म डकैत 10 अप्रैल को रिलीज हुई थी। आइए जानते हैं कि 5वें दिन इसने कितना कलेक्शन किया है।सैकनिल्क के मुताबिक, धुरंधर 2 ने चौथे हफ्ते के पहले सोमवार, यानी 26वें दिन 5.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, लेकिन 27वें दिन इसने 7.05 करोड़ रुपये कमाए हैं। इस तरह घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कुल नेट कमाई 1,095.67 करोड़ रुपये हो गई है। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,727.93 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। यह फिल्म दिसंबर, 2025 में आई धुरंधर का सीक्वल है, जिसमें संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल भी हैं।

# मनोज बाजपेयी से टक्कर लेने के लिए विलेन बनेंगी दिव्या दत्ता, राणा दग्गुबाती संभालेंगे कमान

मनोज बाजपेयी को आखिरी बार फैमिली मैन सीजन 3 में देखा गया था। अब अभिनेता ने अपनी अगली फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें उनके साथ दिव्या दत्ता भी नजर आएंगी। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में अभिनेत्री बतौर खलनायिका शामिल होंगी और अभिनेता की मुश्किलें बढ़ाएंगी। यह फिल्म मशहूर लेखक अरविंद अडिगा के उपन्यास लास्ट मैन इन टावर पर आधारित होगी, जिसका ऐलान नवंबर, 2025 में किया गया था।



रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के निर्देशन की कमान साउथ अभिनेता राणा दग्गुबाती ने उठाई है। सूत्र ने बताया कि दिव्या का किरदार केंद्रीय भूमिका निभाने वाला है। उन्होंने कहा, दिव्या की खलनायिका एकतरफा नहीं है; उसे निर्मम और चालाक दिखाया गया है, लेकिन उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। यह फिल्म दिव्या और मनोज के किरदारों के बीच तनाव पर आधारित है। परियोजना पर काम जारी है और निर्माताओं का लक्ष्य जुलाई से दिसंबर, 2026 के बीच शूटिंग शुरू करना है।

मुंबई की एक आवासीय कॉलोनी में घटित लास्ट मैन इन टावर की कहानी एक ऐसे शिक्षक के इर्द-गिर्द घूमेगी जो इमारत के पुनर्विकास पर विचार किए जाने के दौरान एक रियल एस्टेट डेवलपर को अपना फ्लैट बेचने से मना कर देता है। इस कहानी के जरिए लेखक ने अपने उपन्यास में लालच, महत्वाकांक्षा और शहरी विकास जैसे विषयों को उजागर किया है। बता दें, दिव्या को हाल ही में रिलीज चिरैया सीरीज के लिए काफी सराहना और तारीफें मिली हैं।

# रामायण पार्ट 1 में राम-रावण अवतार में क्या आमने-सामने होंगे रणबीर कपूर और यश ?, साउथ सुपरस्टार ने दिया हिंट



भिनेता यश ने रामायण में रावण की अपनी भूमिका के बारे में कुछ नई जानकारी साझा की है, और एक खुलासे ने प्रशंसकों को चौंका दिया है. अभिनेता ने पुष्टि की कि दो फिल्मों की महाकाव्य सीरीज के पहले भाग में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले रणबीर कपूर के साथ उनके कोई सीन नहीं हैं. यह खुलासा फिल्म की भव्य रिलीज से पहले बढ़ती उत्सुकता के बीच आया है.दोनों किरदारों के बीच के संबंध के बारे में बात करते हुए यश ने बताया कि कहानी की मेकिंग के कारण पहले भाग में दोनों अलग-अलग नजर आते हैं. उन्होंने कहा, दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म में हम दोनों कभी भी एक साथ स्क्रीन पर नहीं आए हैं. जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह दो भागों वाली फिल्म है, इसलिए पहले भाग में रावण के रूप में मेरा अपना राज्य है और राम का अपना. उन्होंने आगे बताया कि दोनों किरदारों का आमना-सामना केवल दूसरे भाग में होगा, जो अगले साल रिलीज़ होने वाली है.

स्क्रीन स्पेस साझा न करने के बावजूद, यश ने रणबीर के बारे में गर्मजोशी से बात की और उनके काम की प्रशंसा की. उन्होंने कहा, हम असल जिंदगी में कुछ बार मिले हैं, और वह एक शानदार अभिनेता हैं. मुझे लगता है कि यह आपसी सम्मान का नतीजा है. उन्होंने आगे कहा कि पूरी टीम कहानी को बेहतरीन तरीके से पेश करने पर केंद्रित है: जब आप रामायण जैसी महत्वाकांक्षी और असाधारण चीज करने निकलते हैं, तो हम सभी का एक ही लक्ष्य होता है कि हम अपना बेस्ट दें. हमारी सोच एक जैसी है, इसलिए हमारे बीच तालमेल की कोई समस्या ही नहीं है.यश ने रावण का किरदार निभाने के अपने फैसले और इस चरित्र के पीछे के दर्शन के बारे में भी खुलकर बात की. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिल्म केवल अच्छाई बनाम बुराई की कहानी नहीं है. उन्होंने कहा, रामायण की कहानी सिर्फ अच्छे या बुरे व्यक्ति के बारे में नहीं है. आप हर चीज में बेस्ट हो सकते हैं. आपके पास सभी बेहतरीन कौशल हो सकते हैं, लेकिन फिर भी आपका निर्णय मायने रखता है.अभिनेता ने समझाया कि रावण एक व्यक्तित्व है जो उसके कर्मों से बनता है. उन्होंने आगे कहा, आप सब कुछ जानते हैं. आप संगीत में अच्छे हैं. आप शास्त्रों में अच्छे हैं, लेकिन फिर भी आपके कर्म, आपके कर्म ही आपको परिभाषित करते हैं. इसी नजरिए से मैंने इस किरदार को निभाया.

उन्होंने कहा, हम इन कहानियों को सुनते हुए बड़े हुए हैं, ये हमारी संस्कृति और बिलीव सिस्टम का हिस्सा हैं. सबसे महत्वपूर्ण बात एंगल है, हर किरदार का अपना नजरिया होता है और ज्यादातर समय वे जो कर रहे होते हैं उस पर विश्वास करते हैं.

रामायण भी चर्चा का मुख्य विषय रही है. यह फिल्म दो भागों में निर्मित एक विशाल बजट और व्यापक तकनीकी उपयोग के साथ बनाई जा रही है. यश ने इस परियोजना को महत्वाकांक्षी बताया और कहा कि इसमें शामिल सभी लोग कहानी को भव्य तरीके से प्रस्तुत करने के लिए प्रयासरत हैं. पहला भाग दिवाली 2026 के दौरान रिलीज होने वाला है, जबकि दूसरा भाग दिवाली 2027 में रिलीज होगा.

# कानों से जुड़ी इन 5 गलत धारणाओं को सच मानते हैं लोग, जानिए सच्चाई

कान हमारे शरीर का एक जरूरी हिस्सा हैं और इनकी देखभाल करना बहुत अहम है। हालांकि, कानों से जुड़ी कई गलत धारणाएं हैं, जिन्हें लोग सच मानकर अपनी सेहत को नुकसान पहुंचा लेते हैं। इन गलत धारणाओं में से कुछ तो इतनी आम हैं कि लोग इन्हें बार-बार सुनते हैं और बिना सोचे-समझे अपनाते भी हैं। आइए आज हम आपको कानों से जुड़ी ऐसी ही कुछ गलत धारणाओं और उनकी सच्चाई के बारे में बताते हैं।



### क्या कानों में झांकना खतरनाक होता है?

कई लोगों का मानना है कि किसी के कान में झांकना खतरनाक हो सकता है। हालांकि, सच्चाई यह है कि अगर कान साफ हो और कान के पर्दे पर जोर से न झांका जाए तो कान में झांकने से कोई नुकसान नहीं होता। इसके अलावा कानों में झांकने से कान की गहराई तक पहुंचना मुश्किल होता है, इसलिए कानों में झांकने से कोई नुकसान नहीं होता।

### क्या कान में रूई लगाना जरूरी होता है?

अक्सर लोग यह मानते हैं कि कान में रूई लगाना जरूरी होता है, खासकर जब बारिश हो या तैराकी के बाद। हालांकि, ऐसा करना गलत है क्योंकि इससे कान में नमी फंस सकती है और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। बेहतर होगा कि बारिश के बाद या तैराकी के बाद कान को अच्छे से पोंछ लें ताकि नमी न रहे और संक्रमण का खतरा भी कम हो जाए।

### क्या कान में मोम होना बुरा संकेत है?

यह भी एक आम धारणा है कि कान में मोम होना बुरा संकेत है। असल में कान में मोम होना एक सामान्य प्रक्रिया है और यह कान को संक्रमण से बचाने में मदद करता है। अगर मोम बहुत अधिक हो या गाढ़ा हो तो डॉक्टर से जांच कराएं ताकि कोई समस्या न हो। अपने कान को साफ रखने के लिए कभी भी किसी भी तरह के घरेलू उपाय अपनाने की बजाय डॉक्टर की सलाह लें।

### क्या कान में दर्द होना हमेशा संक्रमण का संकेत होता है?

यह भी एक आम धारणा है कि कान में दर्द होना हमेशा संक्रमण का संकेत होता है। असल में कान में दर्द कई कारणों से हो सकता है, जैसे कि दांतों की समस्या, साइनस संक्रमण या हवा के दबाव में बदलाव। इसलिए जब भी आपके कान में दर्द हो तो डॉक्टर से संपर्क करें ताकि सही कारण पता चल सके और उचित इलाज मिल सके। सही जानकारी और समय पर इलाज लेने से समस्या जल्दी ठीक हो सकती है।

### क्या कान में हेयरपिन डालने से कान में मोम निकलता है?

यह भी एक आम धारणा है कि कान में हेयरपिन डालने से कान में मोम निकलता है। हालांकि, ऐसा करना खतरनाक हो सकता है क्योंकि इससे कान के पर्दे को नुकसान पहुंच सकता है या कान की गहराई तक पहुंच कर चोट लग सकती है। इसलिए कभी भी इस तरह के घरेलू उपाय अपनाने की बजाय डॉक्टर की सलाह लें और कान की सफाई के लिए सुरक्षित तरीके अपनाएं।

# क्या महिलाओं को जिम में नहीं करनी चाहिए ये एक्सरसाइज ?



महिलाओं के लिए जिम जाना या व्यायाम करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है, लेकिन कई बार हमें कुछ ऐसी गलत धारणाएं सुनने को मिलती हैं, जो हमारे मन में कई सवाल खड़े कर देती हैं। इस लेख में हम कुछ ऐसी ही गलत धारणाओं को दूर करेंगे, ताकि महिलाएं सही जानकारी के आधार पर अपनी फिटनेस यात्रा शुरू कर सकें।

### क्या भारी वजन उठाने से मांसपेशियां बड़ी हो जाती हैं?

एक आम धारणा यह है कि भारी वजन उठाने से महिलाओं की मांसपेशियां बहुत बड़ी हो जाती हैं। यह सच नहीं है। महिलाओं का शरीर पुरुषों की तरह मांसपेशियों को बढ़ाने वाले हार्मोन से संपन्न नहीं होता, जिससे उनकी मांसपेशियां बहुत बड़ी हो सकें। महिलाएं भारी वजन उठाकर अपनी मांसपेशियों को टोन कर सकती हैं, लेकिन वे इतनी आसानी से बड़ी नहीं होंगी। इसलिए महिलाएं बिना किसी डर के भारी वजन उठा सकती हैं।

### क्या कार्डियो ही सबसे अच्छा व्यायाम है?

कई लोग मानते हैं कि कार्डियो ही सबसे अच्छा व्यायाम है और इससे ही वजन कम होता है। हालांकि, यह सही है कि कार्डियो वजन घटाने में मदद करता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि अन्य व्यायाम अहम नहीं होते। वजन उठाना, योगा या पिलाटिस जैसी व्यायाम भी बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा शरीर की एनर्जी को बढ़ाने के लिए कार्डियो के साथ-साथ मांसपेशियों की व्यायाम भी जरूरी है।

### क्या महिलाएं स्क्राट और डेबलिफ्ट जैसी व्यायाम न करें?

बहुत से लोग महिलाओं को स्क्राट और डेडलिफ्ट जैसी व्यायाम करने से मना करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर का आकार बिगड़ जाएगा या मांसपेशियां बहुत बड़ी हो जाएंगी। यह पूरी तरह गलत है। सही तरीके से की गई व्यायाम से न केवल मांसपेशियां मजबूत होती हैं, बल्कि शरीर का संतुलन भी बेहतर होता है। इसके अलावा ये व्यायाम दिल की सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती हैं।

### क्या स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने पर वजन बढ़ जाता है?

कई लोग मानते हैं कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने पर वजन बढ़ जाता है, जबकि असलियत में ऐसा नहीं होता। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मांसपेशियां मजबूत होती हैं और शरीर का संतुलन बेहतर होता है। इससे वजन कम करने में मदद मिलती है। इसलिए महिलाओं को चाहिए कि वे इन गलत धारणाओं से प्रभावित न हों और सही जानकारी के आधार पर अपनी फिटनेस यात्रा जारी रखें। इससे न केवल उनका स्वास्थ्य बेहतर होगा बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

# अमेरिका होर्मुज की नाकाबंदी करेगा तो हम मिसाइल से अमेरिकी जहाजों को डुबो देंगे

## -ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार रेजाई ने दी धमकी



तेहरान,(ए.)। इस्लामाबाद में ईरान के साथ वार्ता बेनतीजा रहने के बाद अमेरिका ने अरब और ओमान की खाड़ी में ईरानी बंदरगाह से आने और जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर नाकाबंदी कर दी है। अमेरिकी नौसेना के जहाज ओमान की खाड़ी में गश्त कर रहे हैं इस बीच ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के सैन्य सलाहकार मोहसेन रेजाई ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी करने का फैसला करता है तो हम अमेरिकी जहाजों को डुबो देंगे।

बता दें पिछले महीने मोजतबा खामेनेई ने ईरान के वरिष्ठ अधिकारी मोहसेन रेजाई को सैन्य सलाहकार नियुक्त किया था। उन्होंने तंज कसते हुए सवाल किया कि ट्रंप होर्मुज के लिए पुलिस बनना चाहते हैं। क्या यह वास्तव में आपका काम है? क्या यह अमेरिका जैसी शक्तिशाली सेना का काम है? एक बयान में रेजाई ने कहा कि आपके ये जहाज हमारी पहली मिसाइलों से डूब जाएंगे। ये निश्चित रूप से हमारी मिसाइलों की चपेट में आ सकते हैं और हम इन्हें नष्ट कर सकते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि अगर अमेरिका ईरान पर जमीनी आक्रमण शुरू करता है तो यह और अच्छा होगा, क्योंकि हम हजारों अमेरिकी सैनिकों को पकड़ लेंगे और फिर प्रत्येक बंधक के बदले हमें एक अरब डॉलर मिलेंगे।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मोहसेन रेजाई ने कहा कि मैं युद्धविराम को बढ़ाने के पक्ष में बिल्कुल नहीं हूं और यह मेरा व्यक्तिगत विचार है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव के बीच संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने तनाव कम करने और अंतरराष्ट्रीय कानून के पूर्ण सम्मान पर जोर दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, -हम गहरे भू-राजनीतिक तनाव, बढ़ती असमानताओं, घटते विश्वास और अपार मानवीय पीड़ा के दौर से गुजर रहे हैं। यह समय संवाद, तनाव कम करने और अंतरराष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान करने की मांग करता है। आइए, शांति को मजबूत करने और सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने के अपने प्रयास जारी रखें।वहीं पोप लियो ने कहा है कि विश्व शांति के लिए तरस रहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा-आइए हिंसा और युद्ध के तर्क को त्याग दें और प्रेम और न्याय पर आधारित शांति को अपनाएं। एक ऐसी शांति जो भय, धमकियों या हथियारों पर आधारित न हो। यह शांति निशस्त्रीकरण करने वाली है, क्योंकि यह संघर्षों को सुलझाने, दिलों को खोलने और विश्वास, सहानुभूति और आशा उत्पन्न करने में सक्षम है। मैं दृढ़ता से दोहराता हूं कि दुनिया शांति के लिए तरस रही है। युद्ध और उससे होने वाली मृत्यु, विनाश और निर्वासन के दर्द को अब और बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति के बाद भी भारत दोगुनी तेजी से आगे बढ़ रहा

## –आईएमएफ की प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने भारत की नीतियों की जमकर तारीफ की

वाशिंगटन,(ए.)। पश्चिम एशिया में युद्ध की स्थिति के बाद भी भारत की ग्रोथ का अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अनुमान लगा चुका है। अब इसकी प्रमुख क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने भारत की नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि भारत दोगुनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए हो सका, क्योंकि फंडामेंटल्स या बुनियाद मजबूत है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आईएमएफ ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था 2026 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में यह अनुमान जताते हुए कहा कि इस साल 6.5 फीसदी की वृद्धि दर के साथ भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा। मुद्राकोष ने भारत के संदर्भ में कहा कि 2026 के लिए वृद्धि अनुमान में 0.3 फीसदी अंक की हल्की बढ़ोतरी की गई है। इसके पीछे 2025 के मजबूत प्रदर्शन का असर और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी किए जाने जैसे कारक हैं। इन कारकों ने पश्चिम एशिया संघर्ष के नकारात्मक प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर दिया है। इसके साथ ही मुद्राकोष ने 2027 में भी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के 6.5 फीसदी पर बने रहने का अनुमान जताया। साथ ही आईएमएफ ने 2026 में वैश्विक वृद्धि दर 3.1 फीसदी और 2027 में 3.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया, जो 2025 के अनुमानित 3.4 फीसदी से कम है।

# ईरान का युद्धविराम के लिए प्रस्ताव, कहा- होर्मुज जलडमरूमध्य के ओमान वाले हिस्से से गुजरें जहाज

तेहरान, (ए.)। ईरान अब अमेरिका के साथ नए सिरे से संघर्ष को रोकने के लिए समझौता चाहता है, जिसके लिए उसने विवादित होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर एक प्रस्ताव दिया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान के अधिकारियों ने कहा कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य के ओमान वाले हिस्से से जहाजों को गुजरने की अनुमति देने पर विचार कर सकता है, जिसमें किसी हमले का खतरा नहीं होगा। हालांकि, अभी अमेरिका ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया है।

ईरान ओमान के हिस्से से जहाजों को गुजरने की अनुमति देने के लिए तैयार है। हालांकि, ये नहीं बताया गया कि क्या ईरान उस जलक्षेत्र में बिछी

ईरान ओमान वाले हिस्से से इजरायल समेत अन्य देशों के जहाजों को भी स्वतंत्र रूप से गुजरने की अनुमति देगा? इस प्रस्ताव पर अब फैसला वाशिंगटन को करना है।

ईरान का यह प्रस्ताव दिखा रहा है कि वह अपने आक्रामक विचारों से पीछे हट रहा है, जिसमें होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से वसूली और जलडमरूमध्य पर संप्रभुता थोपना शामिल था। ईरान के उन फैसलों को वैश्विक जहाजरानी उद्योग समुद्री सम्मेलनों के उल्लंघन में अभूतपूर्व एकतरफा कदम मानता है। बताया जा रहा है कि ओमान के जलक्षेत्र से जहाजों को बिना किसी बाधा के गुजरने देने का प्रस्ताव विचाराधीन था, हालांकि वाशिंगटन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी।

ईरान पर 28 फरवरी को अमेरिकी-इजराली हमले शुरू होने के बाद से सैकड़ों टैंकर 20,000 नाविकों के साथ ओमान और फारस की खाड़ी में फंसे हैं। 8 अप्रैल को 2 सप्ताह के युद्धविराम में भी होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है। इस बीच अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर नाकाबंदी भी कर दी है। होर्मुज दुनिया का 20 प्रतिशत तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस प्रवाह संभालता है, जिससे वैश्विक ईंधन संकट पैदा हुआ है।

होर्मुज ईरान और ओमान के बीच स्थित जलडमरूमध्य है। यह केवल 34 किलोमीटर चौड़ी जल पट्टी है। यह खाड़ी से हिंद महासागर तक मार्ग प्रदान करता है और मध्य पूर्व से ऊर्जा आपूर्ति और उर्वरकों सहित अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं के लिए एक मुख्य मार्ग है।

# इजरायल और लेबनान के बीच 34 साल बाद शुरू होगी शांति वार्ता, ट्रंप का ऐलान

वाशिंगटन, 16 अप्रैल। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ऐलान किया कि इजरायल और लेबनान के बीच ऐतिहासिक बातचीत शुरू होने जा रही है, जिसमें दशकों बाद दोनों देश वार्ता की मेज पर आमने-सामने होंगे। उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह जानकारी देते हुए लिखा कि दोनों देशों के बीच 34 साल बाद बात होने जा रही है, जो कल होगी। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में बैठक का समय और इसमें शामिल होने वाले नेताओं की जानकारी नहीं दी है।

ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा, इजरायल और लेबनान के बीच थोड़ी राहत की गुंजाइश बनाने की कोशिश की जा रही है, दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुए काफी समय हो गया है, लगभग 34 साल। यह कल होगी। बहुत बढ़िया! संभावना जताई जा रही है कि दोनों देशों के बीच बातचीत वाशिंगटन में होगी, जहां इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन शामिल हो सकते हैं। लेबनान में ईरान समर्थित सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह इसके विरोध में है।

नेतन्याहू ने बातचीत से पहले एक वीडियो में कहा कि उन्होंने



अपनी सेना को दक्षिणी लेबनान में सुरक्षा क्षेत्र को सुदृढ़ करने और बेरूत के साथ शांति समझौते पर बातचीत जारी रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि इजरायल की मजबूती के कारण ये बातचीत हो रही है। उन्होंने कहा कि लेबनान के साथ बातचीत के केवल 2 मुख्य उद्देश्य है, जिसमें हिजबुल्लाह का विघटन और एक स्थायी शांति शामिल है, जो ताकत के बल पर हासिल की जाती है।

इस साल 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमले के बाद हिज्बुल्लाह ने इजरायल पर हमला शुरू किया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच बड़ी जंग शुरू हो गई। इजरायल ने लेबनान में कई इमारतों को धवस्त कर दिया और बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया। अभी तक लेबनान में 2,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इससे पहले 2023 की हमास-इजरायल युद्ध में भी हिज्बुल्लाह कूदा था, जिसमें लेबनान में 4,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

बातचीत की संभावना से पहले ईरानी संसद के स्पीकर एमबी गलिबाफ ने युद्धविराम को हिज्बुल्लाह की ताकत का नतीजा बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, लेबनान में बड़े युद्धविराम का पूरा होना, जाने-माने हिज़्बुल्लाह की मजबूती, संघर्ष, उसके बहादुरी भरे कामों, और एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस की एकता का नतीजा होगा। अमेरिका को समझौते के लिए कमिटेड होना चाहिए। रेज़िस्टेंस और ईरान एक हैं, चाहे वे युद्ध में हों या युद्धविराम में। अमेरिका को इजरायल प्रथम की गलती से पीछे हटना चाहिए।

# यूक्रेन पर फिर शुरू हुआ रूसी ड्रोन और मिसाइल हमला, 15 लोगों की मौत

कीव,(ए.)। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर हमला तेज कर दिया है। बुधवार को रात भर रूस ने ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें कम से कम 15 लोगों के मारे जाने की खबर है।रिपोर्ट के मुताबिक, राजधानी कीव में 4 लोग मारे गए। दक्षिण-पूर्व में स्थित नीप्रो में 3 मौत हुई है। सीमा पार, रूस के क्रास्नोदार क्राई क्षेत्र में 5 और 14 वर्ष के 2 बच्चों की मौत हो गई। हमले में करीब 100 लोग घायल हैं।रूस ने यह हमला ऑर्थोडॉक्स ईस्टर समारोहों के दौरान हुए संक्षिप्त युद्धविराम के बाद किया है, जो पिछले सप्ताह मनाया गया था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर के लिए 3 दिन के युद्धविराम की घोषणा की थी और यूक्रेनी पक्ष से इसका पाल करने को कहा था। बाद में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की ने भी इस पर अपनी सहमति जताई थी। हालांकि, ईस्टर के दौरान भी दोनों पक्षों ने युद्धविराम उल्लंघन का आरोप लगाया था।रूस-यूक्रेन युद्ध अब अपने पांचवें वर्ष में पहुंच गया है। इस दौरान शांति के लिए कई दौर की वार्ता हो चुकी है, जिसका कोई परिणाम नहीं निकला। अमेरिका दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। हालांकि, ट्रंप खुद पश्चिमी एशिया संघर्ष में व्यस्त हो गए,ज जिससे शांति प्रक्रिया ठप हो गई।

# खेल समाचार

## आरसीबी ने लखनऊ को 5 विकेट से दी मात, अंक तालिका के पहले नंबर पर किया कब्जा

नईदिल्ली,(आरएनएस)। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट से हरा दिया. 147 रनों के छोटे लक्ष्य को आरसीबी ने 15.1 ओवर में ही पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया. इस मैच में इम्पैक्ट प्लेयर विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए. इस जीत के साथ ही आरसीबी पांच मैचों में 8 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में फिर से टॉप पर पहुंच गई है।

पहली पारी में कोहनी में चोट लगने के कारण ऋषभ पंत इस मैच में उपलब्ध नहीं थे, इसलिए निकोलस पूरन ने मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी की. कोहली अपना अर्धशतक पूरा करने से चूक गए. वो 34 गेंदों पर 49 रन बनाकर लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए. उनकी इस पारी में छह चौके और एक छक्का शामिल था।

आखिर में, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड 14-14 रन बनाकर नाबाद रहे और उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 29 गेंदें शेष रहते ही जीत दिला दी. लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से आवेश खान ने दो अहम विकेट लिए. प्रिंस लखनऊ सुपर जायंट्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 32 रन देकर 3 विकेट लिए।

इससे पहले, पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को भुवनेश्वर कुमार और जोश हेजलवुड की नई गेंद से की गई कसी हुई गेंदबाजी का सामना करने में मुश्किल हुई. लखनऊ सुपर जायंट्स को एक बड़ा झटका तब लगा, जब कप्तान ऋषभ पंत की कोहनी में चोट लग गई और वे सिर्फ तीन गेंदें खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए.

बडोनी (38) और मुकुल चौधरी (39) ने एक स्थिर साझेदारी के जरिए पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहने से रन की प्रगति बाधित होती रही. पंत बाद में बल्लेबाजी करने लौटे, लेकिन वे सिर्फ एक रन ही बना पाए।

रासिख ने शानदार गेंदबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी को समेट दिया और कुल चार विकेट लिए. वहीं, भुवनेश्वर ने तीन विकेट चटकाए और हेजलवुड ने अपनी गेंदबाजी पर बेहतरीन नियंत्रण बनाए रखा. इन तीनों के सामूहिक प्रयास की बदौलत ही आरसीबी, लखनऊ सुपर जायंट्स को एक मामूली स्कोर पर रोकने में कामयाब रही. हेजलवुड को प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया. उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट हासिल किए।

## आर वैशाली ने रचा इतिहास, चेस कैंडिडेट्स जीतने वाली बनीं पहली भारतीय महिला, वर्ल्ड चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले के लिए किया क्वालीफाई

साइप्रस,(आरएनएस)। भारत की आर वैशाली ने फाइड महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 जीत लिया है. इसके साथ वो ये टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं. इस जीत के साथ उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाले महिला वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले के लिए भी क्वालीफाई कर लिया. जहा उनका मुकाबला चीन की मौजूदार चैंपियन जू वेनजुन से होगा. जो पांच बार की विश्व चैंपियन हैं और पिछले कुछ सालों में उन्होंने महिलाओं के शतरंज में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है.24 साल की वैशाली ने बेहद रोमांचक अंदाज में यह बड़ी कामयाबी हासिल की. उन्होंने आखिरी राउंड में सफेद मोहरों से खेलते हुए कैटेरीना लागनो को 8.5 के स्कोर से हराया. वैशाली ने अपने प्रतिद्वंद्वियों से आधा पॉइंट ज्यादा बनाकर जीत हासिल की. हालांकि वैशाली की जीत में उनके ही हमवतन खिलाड़ी दिव्या देशमुख का बड़ा हाथ है. क्योंकि वैशाली को टूर्नामेंट जीतने के लिए दिव्या को अपना मैच जीतने ये ड्रॉ कराने की जरूरत थी. उसके बाद दिव्या देशमुख ने बिबिसारा असाउबायेवा के साथ मैच ड्रॉ खेलकर वैशाली की जीत पक्की कर दी. चूंकि असाउबायेवा ने इस राउंड की शुरुआत वैशाली के बराबर पॉइंट्स के साथ ही की थी, इसलिए इस ड्रॉ ने वैशाली की जीत को निर्णायक बना दिया. अग दिव्य हार जाती तो फिर वैशाली का भी सपना टूट जाता।

# आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला




अहमदाबाद (ए.)। आईपीएल में शुक्रवार को होने वाले मुकाबले में शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटन्स की टीम का मुकाबला आजिंक्य रहाणे की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। इस मैच में गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान जीत दर्ज करने का पूरा प्रयास करेगी। टाइटन्स की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था पर इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की है जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। । टीम के पास अच्छे बल्लेबाज हैं और उसकी गेंदबाजी भी काफी अच्छी है। उसके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने अब तक इस सत्र में काफी अच्छी गेंदबाजी की है। बल्लेबाजी में शुभमन के अलावा टीम के पास जोस बटलर और राहुल तेवतिया जैसे बल्लेबाजों हैं। आंकड़ों की बात करें तो अब तक दोनो के बीच पांच मुकाबे हुए हैं जिसमें से गुजरात ने तीन जबकि केकेआर ने एक मैच जीता है। वहीं एक मैच बेनतीजा रहा।

वहीं दूसरी ओर अपने पांच में से चार मैच हारी केकेआर का प्रदर्शन इस बार बेहद खराब रहा है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी काफी कमजोर है। उसका एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। इसी कारण उसे एक अंक मिला है। ऐसे में कप्तान रहाणे का प्रयास किसी प्रकार टीम को जीत दिलाना रहेगा। केकेआर की टीम का प्रयास गुजरात के खिलाफ मैच जीतकर लय हासिल करना रहेगा। । केकेआर की टीम को इसके लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार करना होगा। हर्षित राणा और आकाश दीप के चोटिल होने से टीम की गेंदबाजी कमजोर है जिसके देखते हुए किसी अच्छे गेंदबाज को शामिल करना होगा। इसके अलावा उसके फार्म से बाहर चल रहे स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसे लगातार असफल हो रहे कैमरुन ग्रीन की जगह पर टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे किसी खिलाड़ी को शामिल करने पर विचार करना होगा। उसके कप्तान को भी ठीक फैसले लेने होंगे। पिछले मैचों में उसके कप्तान के टॉस जीतने के बाद कई गलत फैसलों से भी टीम को नुकसान हुआ है। टीम की गेंदबाजी कितनी लचर है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह 220 रन के स्कोर का बचाव नहीं कर सकी जबकि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 65 रनों से हार गयी जबकि लक्ष्य 200 से भी कम था।

टीम के बल्लेबाजी क्रम में कमी नजर आती है। पिछले मैच में सुनील नारायण को पारी की शुरुआत करने के लिए भेजा गया जबकि रहाणे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। यह दोनों ही बदलाव गलत साबित हुए थे। मनीष पांडे, राहुल त्रिपाठी और सार्थक रंजन जैसे बल्लेबाजों को अभी तक अवसर नहीं मिला है। ऐसे में केकेआर के लिए जीत दर्ज करन काफी कठिन है। उसे बल्लेबाजी, गेंदबाजी सहित सभी क्षेत्रों में सुधार करना होगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

## बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने किया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान, जानिए आंकड़े

नईदिल्ली, आरएनएस)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 36 वर्षीय रुबेल ने बुधवार को अपने फेसबुक अकांउट पर लिखा कि वह बांग्लादेश के लिए खेले गए 159 मैचों के अपने करियर को समाप्त कर रहे हैं। रुबेल ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2021 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उसके बाद से चोटों के कारण उनकी भागीदारी सीमित होती गई।



रुबेल ने फेसबुक पर लिखा, मैं तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन हूं। मैंने बांग्लादेश के लिए 27 टेस्ट, 104 वनडे और 28 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। राष्ट्रीय टीम मेरा जुनून है, लेकिन एक समय सभी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ना पड़ता है। मैंने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। हालांकि, मैं घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता हूं। मेरे परिवार, दोस्तों, मीडियाकर्मियों और प्रशंसकों को धन्यवाद। मुझे विश्वास है कि आप हमेशा मेरा समर्थन करते रहेंगे।

रुबेल वनडे डेब्यू पर 4 विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज हैं। उन्होंने 2009 में श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ 33 रन देकर 4 विकेट चटकाते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसी तरह उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में इंग्लैंड के खिलाफ चार गेंदों के अंतराल में इयान बेल और कप्तान इयोन मॉर्गन को आउट करने के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन को पवेलियन भेजा था। उन्होंने 53/4 के आंकड़ों से टीम को जीत दिलाई थी। रुबेल ने जनवरी 2009 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था।

# दो बार के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट विक्टर एक्सेलसेन ने रिटायरमेंट का किया ऐलान

नईदिल्ली,। डेनमार्क के स्टार शटलर विक्टर एक्सेलसेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पेशेवर बैडमिंटन से संन्यास ले लिया. दो बार के ओलंपिक चैंपियन ने कहा कि वह बार-बार होने वाली पीठ की समस्याओं के कारण यह फैसला ले रहे हैं और उनका शरीर अब आगे खेलने की अनुमति नहीं दे रहा है. एक्सेलसेन आखिरी बार अक्टूबर 2025 में फ्रेंच ओपन में खेलते दिखे थे. उनका आखिरी बड़ा टूर्नामेंट पिछले साल इंडिया ओपन था, जिसके बाद उन्हें पीठ की चोट से जूझना पड़ा।

एक्सेलसेन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक बयान में कहा, आज का दिन मेरे लिए आसान नहीं है. पीठ की बार-बार होने वाली समस्याओं के कारण, मैं अब उच्चतम स्तर पर मुकाबला करने और अभ्यास करने में सक्षम नहीं हूं. सर्जरी, कई इंजेक्शन, उपचार और मूल रूप से लंबे समय तक दर्द-मुक्त रहने के लिए सब कुछ आजमाने के बाद, मुझे अपनी दीर्घकालिक सेहत पर ध्यान देने की सलाह दी गई है. इस स्थिति को स्वीकार करना बेहद मुश्किल रहा है. लेकिन अब मैं एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया हूं जहां मेरा शरीर मुझे आगे जारी रखने की अनुमति नहीं दे रहा है।

एक्सेलसेन इतिहास के सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाले पुरुषों के



सिंगल्स खिलाड़ियों में से एक के तौर पर रिटायर हुए हैं. उन्होंने टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में ओलंपिक गोल्ड मेडल जीते, साथ ही रियो 2016 में कांस्य पदक भी हासिल किया. उन्होंने 2017 और 2022 में वर्ल्ड चैंपियनशिप के खिताब भी अपने नाम किए. इसके अलावा, वह 180 हफ्तों से ज्यादा समय तक दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी रहे और उन्होंने सभी सुपर 1000 खिताबों पर पूरी तरह से कब्जा किया।

एक्सेलसेन के रिटायर होने पर भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने दिल को छू लेने वाला संदेश साझा किया. उन्होंने कहा कि इस डेनिश खिलाड़ी को इस खेल को खेलने वाले अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक के तौर पर याद किया जाएगा।

सेन ने एक्स पर एक्सेलसेन के साथ पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनल की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, बैडमिंटन खुद को खुशकिस्मत मानता है कि उसे आप जैसा खिलाड़ी मिला, और वह आपको इस खेल को खेलने वाले अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक के तौर पर याद रखेगा. लेकिन जो चीज आपको सचमुच सबसे अलग बनाती है, वह सिर्फ आपका चैंपियन होना नहीं है, बल्कि वह इंसान है जो आप हैं, एक ऐसा इंसान जिसकी पहचान मैचों और मेडल्स से कहीं ज्यादा बड़ी है।

उन्होंने आगे कहा, दुबई में आपके साथ ट्रेनिंग करने से लेकर ऑल इंग्लैंड ओपन जैसे सबसे बड़े मंचों में से एक पर कदम रखने और फिर ओलंपिक में आपके खिलाफ खेलने तक, यह एक अविश्वसनीय सफर रहा है. रिटायरमेंट की शुभकामनाएं! आगे के सफर के लिए आपको ढेर सारी शुभकामनाएं।

# जनता से मिलने जनता के बीच पहुंचे प्रदेश के जन नायक मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

## सिवनी मालवा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हुआ भव्य स्वागत, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर किया प्रदेश के मुखिया का आत्मीय स्वागत





नर्मदापुरम (निप्र)। गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने सिवनी मालवा पहुंचकर विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्य सभा स्थल कृषि उपज मंडी पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शहर के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचकर भगवान श्री राम एवं भगवान बजरंगबली का विधि विधान से पूजन किया। पूजन करने के पश्चात हनुमान मंदिर से ही रोड शो का शुभारंभ किया। रोड शो के लिए तैयार किए गए विशेष रथ पर सवार होकर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव क्षेत्र की जनता से मिले।

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के सिवनी मालवा आगमन पर नगर वासियों ने अपार प्रेम बरसाया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भी नगर वासियों से मिले अपार जन प्रेम को स्वीकार करते हुए भव्य रोड शो कर के नगरवासियों पर दोनो हाथों से पुष्प वर्षा करते हुए उनके ऊपर अपना स्नेह लुटाया। रोड शो हरदा नाके स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुआ एवं वन विभाग ऑफिस के सामने, गोवर्धन मंदिर चौक, कल्लू चौक, रेवा परिसर के सामने, नर्मदा मंदिर चौक, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक, नगर पालिका कार्यालय के सामने, मस्जिद के सामने, कंदेली नदी पुल से होते हुए रोड शो का पुराना बस स्टैंड पर समापन हुआ। रोड शो के दौरान देश भक्ति गीतों से पूरा सिवनी मालवा अंचल गुंजायमान हो गया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव के रोड शो में सारे जहां से अच्छा, ए वतन ए वतन, ऐसा देश है मेरा, जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा जैसे अनेक देशभक्ति गीतों के साथ मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव के रोड शो में नगर वासी देशभक्ति की भावना के साथ सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव का नगर वासियों द्वारा पूरे रोड शो के दौरान पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा उनके नगर आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। मुख्यमंत्री ने भी सभी नगर वासियों का अभिवादन स्वीकार किया। विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने प्रदेश के मुखिया के नगर आगमन पर उनका फल, मिस्ठान, काजू किशमिश, लड्डू अनाज से तुलादन किया।इस दौरान भारी संख्या में नगरवासी अपने जननायक को देखने के लिए आतुर रहे। सभी पंक्तिबद्ध होकर तथा यथासंभव ऐसे स्थान पर जहां से मुख्यमंत्री डॉ यादव की छवि स्पष्ट दिखे वहां पहुंच कर प्रदेश के मुखिया को देखने के लिए प्रतिक्षारत रहे।रोड शो के दौरान गोवर्धन मंदिर चौक पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का फल एवं लड्डुओं से तुलादान किया गया। रोड शो के दौरान अनेकों संस्थाओं द्वारा अनाज एवं लड्डुओं से भी मुख्यमंत्री डॉ यादव का तुलादान किया गया।

## नपा द्वारा संचालित डे एनयुएलएम के माध्यम से केंद्रीय जेल में महिला कैदियों को दिया प्रशिक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका द्वारा संचालित डे एनयूएलएम के माध्यम से जेल में बंद कैदी महिलाओं को 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे कि महिलाएं मुख्यधारा से जुड़ सकें। डे एनयूएलएम की सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगर अधिकारी हेमेश्वरी पटले के मार्गदर्शन में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के दौरान केंद्रीय जेल में नर्मदापुरम में महिला कैदियों गठित अंजनी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी देकर प्रोत्साहित किया गया। जेल अधिकारियों की उपस्थिति में यह प्रशिक्षण दिया गया।

## *नपा में कार्यालय अधीक्षक ने की सुनवाई*

### *नाली निर्माण संबल कार्ड हेतु आए आवेदन*



*नर्मदापुरम (निप्र)। प्रति गुरूवार की तरह होने वाली जनसुनवाई में आज कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान उन्होंने आवेदकों की विभिन्न समस्याएं सुनी तथा संबंधित शाखा को समाधान करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में पार्षद रेखा यादवए पार्षद गणेश बाबरिया आदि भी उपस्थित थे। कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में नागरिकों की समस्याओं के समाधान करने हेतु जनसुनवाई की गई। आज गुरूवार को वार्ड क्रमांक 20 के आवेदक मनोज कुमार महुले द्वारा संबल कार्ड बनाने के लिए आवेदन दिया। साथ ही वार्ड 32 लश्कर चौक के पास नाली निर्माण एवं सफाई को लेकर आवेदन आए। वहीं दीवार जर्जर हालत में होने के उपरांत उसे डिस्मेंटल करने की आवेदक द्वारा मांग की गई। जनसुनवाई में आए सभी आवेदनों पर कार्रवाई करने हेतु संबंधित शाखा को निर्देशित किया गया।*

## *मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सिवनी मालवा आगमन पर जनप्रतिनिधियों ने हेलीपैड पर किया आत्मीय स्वागत*

*नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गुरुवार को नर्मदापुरम जिले के तहसील सिवनी मालवा आगमन हुआ। स्थानीय हेलीपैड पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉक्टर सीता सरन शर्मा, सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजयपल सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, अन्य जन प्रतिनिधि गण, नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।*

# प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

## विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है : श्रीमती समर्पिता सोनी

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रेरणा कॉन्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जो विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। जिसमें खुशी राजपूत ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोमल साहू 89 प्रतिशत मन्नत नवलानी 88 प्रतिशत सौरभ यादव 87 प्रतिशत स्वर्णिम राजपूत 81 प्रतिशत निरंजन राजपूत 80 प्रतिशत कृष्णा टैनगुरिया 80 प्रतिशत श्री राजपूत 76 प्रतिशत आकांक्षा तिवारी 76 प्रतिशत आकाशी बडानी 75 प्रतिशत हर्षिता भदौरिया ने 74 स्नेहा सराठे 72 याशिका मीणा 73 लक्ष्य कुमार 72 पलक साहू 71 अमित अहिरवार 66 वेदांश यादव 66 तनीषा प्रजापति 64 शिवानी यादव 64 कृष्णा यादव ने 64 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।विद्यालय की संचालिका श्रीमती समर्पिता सोनी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्र.छात्राओं की लगन और अनुशासन का प्रतीक है । उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने और भविष्य में बेहतरीन परिणाम देने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विनीता तिवारी ने सभी छात्र . छात्राओं के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद विद्यार्थियों ने अपनी पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखी जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। विद्यालय प्रबंधन के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं दी। और कहा यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि पूरे स्कूल के लिए गर्व का विषय है।



# मुख्यमंत्री को डोलरिया उप मंडी प्रारंभ करने और सांदीपनी स्कूल की स्वीकृति हेतु मांग पत्र सौंपा



नर्मदापुरम। सिवनी मालवा। डोलरिया (निप्र)। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरूवार को कृषक नगरी सिवनी.मालवा में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर 972.16 करोड़ की लागत के नर्मदापुरम.टिमरनी मार्ग के उन्नयन एवं डोलरिया में लगने वाले इंडियन आयल के सीएनजी गैस प्लांट कार्य अनुमानित लागत 50 करोड़ का भूमिपूजन एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को सौगातें दीं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री को भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह राजपूत ने अपने लेटर पैड के साथ सांसद दर्शन सिंह चौधरी का अनुशंसा पत्र सौंपकर डोलरिया उप मंडी को अविलंब प्रारंभ करवाने व डोलरिया में सांदीपनि विद्यालय की स्वीकृति प्रदान करने हेतु मांग पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि मंडी 1980 से पूर्व अपने पूर्ण अस्तित्व में थी और आसपास के सैकड़ो किसान भरपूर मात्रा में अपनी उपज लेकर यहां नीलामी हेतु लेकर आते थे वह प्रतिदिन फसल की नीलामी होती थी परंतु शासन की उदासीनता के कारण यह यह मंडी विलुप्तप्राय हो चुकी है।

अत: इस मंडी को पुन: पुनर्जीवित कर प्रारंभ करवाने एवं डोलरिया जो कि आसपास के 25 - 30 गांव का सेंटर होने के साथ.साथ तहसील मुख्यालय भी है यहां पर एक सर्व सुविधायुक्त संदीपनी स्कूल की सौगात प्रदान करने बाबत निवेदन पत्र सौंपा। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा डोलरिया मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह राजपूत एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज सिवनी मालवा में विकास का सूर्य .........




**प्रथम का शेष**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदापुरम में नर्मदा लोक कॉरिडोर भी बन रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गौशाला प्रबंधन योजना के तहत मवेशियों के चारे के लिए राशि बढ़ाई गई है। दूध उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है यदि कोई 25 गाय के माध्यम से दूध की यूनिट डालता है तो शासन उसकी हर संभव मदद करती है। दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए शासन कटिबंध है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि कक्षा 1 से लेकर कक्षा आठवीं तक के बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए बच्चों को दूध दिया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने एयर एम्बुलेंस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बीमार एवं घायल व्यक्ति को एयर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, यदि इस दौरान मरिज एवं घायल की मृत्यु हो जाती है तो शव वाहन के माध्यम से शव घर तक पहुंचाने की व्यवस्था भी की जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में लाडली बहनों को दी जाने वाली राशि को क्रमश: बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। किसानों को 5 में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। गेहूं उपार्जन में भी किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए पहले लघु फिर मध्यम और उसके बाद बड़े किसानों के गेहूं को खरीदा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि किसानों को अधिक से अधिक हित लाभ वितरण करने के उद्देश्य से सोयाबीन को भावांतर योजना में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि उड़द का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति क्विंटल उड़द पर 600 रूपये का बोनस दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सिवनी मालवा में अनेक सौगातो की घोषणा की

मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने गुरुवार को सिवनी मालवा में आयोजित कार्यक्रम में सिवनी मालवा के लिए विभिन्न सौगातो की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने हथनापुर आवली घाट माइक्रो उदवहन सिंचाई योजना विकसित करने की घोषणा की। सिंचाई योजना के बनने से लगभग 42 गांव के किसानों की असिचित जमीन सिचित हो पाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिवपुर बाबरी मुख्य मार्ग के निर्माण की घोषणा की साथ ही रेशम पीठा पीपलपुरा पुल बनाने, सिवनी मालवा में कन्या हाई स्कूल एवं बानापुरा में नेहरू हाई स्कूल देने तथा शिवपुर में सांदीपनी स्कूल खोलने की घोषणा की। उन्होंने नगर पालिका सिवनी मालवा के लिए फायर ब्रिगेड देने की भी घोषणा की। साथ ही कहां की नगर पालिका सिवनी मालवा द्वारा सड़क बिजली एवं अन्य कार्यों के लिए स्टेटमेंट बनाये। स्टेटमेंट बनाने के बाद राशि दे दी जाएगी।इसके पूर्व मुख्यमंत्री डॉ यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कन्या पूजन कर लाडली बहनों एवं उपस्थित लोगों पर पुष्पो की वर्षा कर सभी का अभिनंदन किया। नगर पालिका के पदाधिकारी गणों ने एक बड़ी माला से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम टिमरनी मार्ग पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।इसके पूर्व लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नर्मदापुरम जिले में विकास की जो बारिश हो रही है वह अन्य जिले में दिखाई नहीं देती है। आज का यह पल ऐतिहासिक पल है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने सिवनी मालवा में करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया है। मंत्री श्री सिह ने कहा कि 2 वर्षों में नर्मदापुरम जिले को 984 करोड़ की सड़कों की सौगात मुख्यमंत्री ने दी है। औद्योगिक क्षेत्र में नर्मदापुरम जिला अग्रणी जिला है जो मुख्यमंत्री के विकास के विजन को दिखाता है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है और आगे बढ़ रहा है। साथ ही प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग कभी अपनी खराब सड़कों के लिए जाना जाता था लेकिन आज अपनी अच्छी सड़कों के लिए पहचाना जाता है। विभाग द्वारा लोकपथ एप बनाया गया है जिसमें कोई भी व्यक्ति सड़कों पर व्याप्त गड्ढों की शिकायत कर सकता है। इस ऐप के माध्यम से चार दिन में सड़क के गड्ढे भर दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि लोक पथ एप आपको आधा किलोमीटर पहले ही सड़कों के ब्लैक स्पॉट बता देता है।




*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*